


दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज ✌ किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना | वर्ष-14, अंक -53 जबलपुर, मंगलवार 25 मार्च 2025 | कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 | संपादक अरुण श्रीवास्तव


## बरेली में गैस गोदाम में गैस गोदाम में ब्लास्ट, 350 सिलेंडर फटे, धमाकों से दहले लोग

बरेली. (आरएनएस)। यूपी के बरेली के बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के रजऊ परसपुर स्थित महालक्ष्मी गैस एजेंसी के गोदाम में सोमवार दोपहर भयानक हादसा हो गया. दोपहर करीब एक बजे सिलेंडर फटने से गैस एजेंसी में भीषण आग लग गई.

ग्रामीणों के अनुसार सिलिंडर फटने के बाद लगातार कई तेज धमाके हुए, जिससे आसपास का इलाका दहल गया. करीब डेढ़ घंटे तक एक-एक कर सिलिंडर फटते रहे. धमाकों के साथ हवा में उड़े सिलिंडरों के टुकड़े करीब 500 मीटर के दायरे में खेतों में जाकर गिरे. वहीं, गोदाम से उठती लपटों को देख गांव रजऊ परसपुर में दहशत फैल गई. लोग बोले, ऐसा लगा जैसे ज्वालामुखी फटा हो. बताया जा रहा है कि घटना में 350 से अधिक सिलेंडर फटे हैं.

गांव रजऊ परसपुर से करीब 500 मीटर दूरी पर इंडेन की महालक्ष्मी गैस एजेंसी का गोदाम बना है. एजेंसी के चौकीदार दिनेश चंद्र शुक्ला के मुताबिक गोदाम में सिलेंडर से भरा ट्रक उतरने के लिए खड़ा था. ट्रक के बोनट में किसी तरह आग लग गई. चौकीदार ने आग को बुझाने का प्रयास किया, लेकिन जब आग नहीं बुझी तो वह गांव की ओर भाग खड़े हुए. ट्रक चालक भी भाग गया. बताया गया कि पहले ट्रक में रखा सिलेंडर फटा, फिर गोदाम में आग लग गई और धमाके होने लगे.

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड के साथ पुलिस मौके पर पहुंच गई. आग बुझाने के प्रयास शुरू किए. धमाकों की वजह से आग बुझाने में मशक्कत करनी



पड़ी. घटना इतनी विकराल थी कि सिलिंडर के टुकड़े 500 मीटर दूर तक खेतों में गिरे. ग्रामीणों ने मोबाइल से घटना के वीडियो बना लिए. जिस गैस एजेंसी गोदाम में आग लगी है, वह सोमवार को बंद रहती है. गोदाम पर चौकीदार और ट्रक चालक ही थे. दोनों ने भागकर अपनी जान बचाई. वहीं गोदाम आबादी से काफी दूर है, जिससे जनहानि होने से बच गई.

एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्र ने बताया कि गांव रजऊ परसपुर के बाहर महालक्ष्मी गैस एजेंसी है. दोपहर करीब 12 बजे सिलेंडर से भरा ट्रक यहां आया था, जिसमें करीब 400 सिलिंडर थे. अनलोडिंग के लिए ट्रक गोदाम में खड़ा था. इसी दौरान धमाके साथ आग लगी थी. आग पर काबू पा लिया गया. कोई जनहानि नहीं हुआ. नुकसान का आकलन किया जा रहा है.

**दोपहर करीब एक बजे सिलेंडर फटने से गैस एजेंसी में भीषण आग लग गई.**

ग्रामीणों के अनुसार सिलिंडर फटने के बाद लगातार कई तेज धमाके हुए, जिससे आसपास का इलाका दहल गया. करीब डेढ़ घंटे तक एक-एक कर सिलिंडर फटते रहे. धमाकों के साथ हवा में उड़े सिलिंडरों के टुकड़े करीब 500 मीटर के दायरे में खेतों में जाकर गिरे. वहीं, गोदाम से उठती लपटों को देख गांव रजऊ परसपुर में दहशत फैल गई. लोग बोले, ऐसा लगा जैसे ज्वालामुखी फटा हो. बताया जा रहा है कि घटना में 350 से अधिक सिलेंडर फटे हैं. गांव रजऊ परसपुर से करीब 500 मीटर दूरी पर इंडेन की महालक्ष्मी गैस एजेंसी का गोदाम बना है. एजेंसी के चौकीदार दिनेश चंद्र शुक्ला के मुताबिक गोदाम में सिलेंडर से भरा ट्रक उतरने के लिए खड़ा था. ट्रक के बोनट में किसी तरह आग लग गई. चौकीदार ने आग को बुझाने का प्रयास किया, लेकिन जब आग नहीं बुझी तो वह गांव की ओर भाग खड़े हुए. ट्रक चालक भी भाग गया. बताया गया कि पहले ट्रक में रखा सिलेंडर फटा, फिर गोदाम में आग लग गई और धमाके होने लगे.

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड के साथ पुलिस मौके पर पहुंच गई. आग बुझाने के प्रयास शुरू किए. धमाकों की वजह से आग बुझाने में मशक्कत करनी पड़ी. घटना इतनी विकराल थी कि सिलिंडर के टुकड़े 500 मीटर दूर तक खेतों में गिरे. ग्रामीणों ने मोबाइल से घटना के वीडियो बना लिए. जिस गैस एजेंसी गोदाम में आग लगी है, वह सोमवार को बंद रहती है. गोदाम पर चौकीदार और ट्रक चालक ही थे. दोनों ने भागकर अपनी जान बचाई. वहीं गोदाम आबादी से काफी दूर है, जिससे जनहानि होने से बच गई.

एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्र ने बताया कि गांव रजऊ परसपुर के बाहर महालक्ष्मी गैस एजेंसी है. दोपहर करीब 12 बजे सिलेंडर से भरा ट्रक यहां आया था, जिसमें करीब 400 सिलिंडर थे. अनलोडिंग के लिए ट्रक गोदाम में खड़ा था. इसी दौरान धमाके साथ आग लगी थी. आग पर काबू पा लिया गया. कोई जनहानि नहीं हुआ. नुकसान का आकलन किया जा रहा है.

**पेंशन-भत्ता भी बढ़ा, जानें अब कितनी होगी सैलरी**

## सांसदों की तो बल्ले-बल्ले, वेतन में 24 हजार का इजाफा


नई दिल्ली-(आरएनएस)। केंद्र ने सोमवार को संसद सदस्यों (एमपी) और पूर्व संसद सदस्यों के वेतन, पेंशन और अतिरिक्त पेंशन में संशोधन की घोषणा की, जिसमें वर्तमान सांसदों के वेतन में 24 प्रतिशत की बढ़ोतरी की अधिसूचना जारी की गई। संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना में वर्तमान सदस्यों के दैनिक भत्ते तथा पेंशन में भी वृद्धि की गई है तथा पूर्व सदस्यों के लिए पांच वर्ष से अधिक की सेवा के प्रत्येक वर्ष के लिए अतिरिक्त पेंशन की भी घोषणा की गई है। वेतन में वृद्धि को आयकर अधिनियम, 1961 में निर्दिष्ट लागत मुद्रास्फीति सूचकांक के आधार पर संसद सदस्यों के वेतन, भत्ते और पेंशन अधिनियम के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधिसूचित किया गया है।



यह कदम कर्नाटक सरकार द्वारा मुख्यमंत्री, मंत्रियों और विधायकों के वेतन में 100त्न की बढ़ोतरी को मंजूरी दिए जाने के कुछ दिनों बाद उठाया गया है, जिससे विधानसभा में तीखी बहस शुरू हो गई है। विपक्षी नेता आर अशोक के नेतृत्व में भाजपा ने सार्वजनिक अनुबंधों में मुसलमानों को चार प्रतिशत आरक्षण देने के लिए सरकार के खिलाफ नारे लगाए। वेतन वृद्धि के बारे में निर्णय दो संशोधन विधेयकों के माध्यम से दिया गया था - कर्नाटक मंत्रियों के वेतन और भत्ते (संशोधन) विधेयक 2025 और कर्नाटक विधानमंडल सदस्यों के वेतन, पेंशन और भत्ते (संशोधन) विधेयक 2025।

## जैन समाज पर हिन्दू विवाह अधिनियम लागू होगा, हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट का फैसला पलटा, एक साथ खारिज किए थे 28 परिवाद

इंदौर.(आरएनएस)। एमपी की इंदौर हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने आज जैन समाज के तलाक के केसों में एक बड़ा आदेश दिया है. आदेश के तहत हाई कोर्ट ने फैमिली कोर्ट के उस आदेश को निरस्त कर दिया है जिसमें हिंदू मैरिज एक्ट में अल्पसंख्यक वर्ग के पक्षकारों को सुनवाई का हक नहीं होने के मुद्दे पर एक नहीं बल्कि 28 परिवाद एक साथ खारिज कर दिए थे.



इनमें ऐसे भी मामले थे जिनमें दंपत्ति ने आपसी सहमति से अलग होने के लिए अर्जी दायर की थी. अब हाई कोर्ट के आदेश के बाद जैनियों के ये 28 केस हिन्दू विधि के तहत फिर से फैमिली कोर्ट रेफर होंगे. पिछले दिनों जैन समाज की दंपती ने आपसी सहमति के आधार पर फैमिली कोर्ट में तलाक की अर्जी लगाई थी. इसमें तर्क दिया था कि दोनों पक्ष जैन हैं, वे तलाक देना चाहते हैं. याचिका पर कोर्ट ने कहा कि इनकी हिन्दुओं से धर्म प्रथा व मान्यता अलग है.

दूसरा 2014 में इनका अल्पसंख्यक कैटेगरी में नोटिफिकेशन हो चुका है. ऐसे में अल्पसंख्यक होने से इन्हें हिन्दू विवाह अधिनियम का लाभ नहीं दिया जा सकता. कोर्ट ने इसके सहित सभी 28 परिवाद खारिज कर दिए थे. अधिवक्ता पंकज खंडेलवाल ने बताया कि इसके खिलाफ हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच की शरण ली गई थी. इसमें कोर्ट ने माना कि जब संविधान का आर्टिकल 25 में जिक्र है कि हिन्दुओं में जैन भी आते हैं. वे भी हिन्दू हैं इसलिए उन पर हिन्दू विवाह अधिनियम भी लागू होगा. फैमिली कोर्ट को यदि परेशानी थी कि उसे केसों हाईकोर्ट रेफर करना था न कि खारिज. कोर्ट ने माना कि जैनियों की जितनी हिन्दू विधियां हैं, उन पर लागू होती हैं. इसके साथ ही ये केस फैमिली कोर्ट रेफर कर दिए.

**30 मार्च को गुड़ी पड़वा का पर्व सम्पूर्ण प्रदेश में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा-प्रदेश के सभी प्रमुख शहरों में होगी सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य की प्रस्तुति**

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्राट विक्रमादित्य के धर्म ध्वज और पुस्तिका भारत का नववर्ष - विक्रम संवत का किया विमोचन

भोपाल(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले विक्रमादित्य ध्वज और पुस्तिका भारत का नव वर्ष विक्रम संवत का विमोचन कर अपने संबोधन में कहा कि संपूर्ण प्रदेश में 30 मार्च को गुड़ी पड़वा का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा, मंत्रीगण गुड़ी पड़वा पर उनके जिलों में होने वाले कार्यक्रमों में सहभागिता करें। विक्रम महोत्सव के अंतर्गत नई दिल्ली में 12-13-14 अप्रैल को विशेष आयोजन होने जा रहे हैं, जिसमें सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित महानाट्य की प्रस्तुति भी होगी। सम्राट विक्रमादित्य के व्यक्तित्व और शासन व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर केंद्रित महान महानाट्य की प्रस्तुति प्रदेश के प्रमुख शहरों में भी की जाएगी। इसके साथ ही



सेक्टर वार होने वाली इन्वेस्टर्स समिट तथा अन्य बड़े आयोजनों के अवसर पर भी सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित महानाट्य की प्रस्तुति की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विमोचित पुस्तिका भारत का नव वर्ष विक्रम संवत के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पुस्तिका में विक्रम संवत, काल गणना की पद्धति, प्राचीन यंत्रों , वैदिक घड़ी आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रम संवत के अंतर्गत तिथियों की महत्ता, पर्व और त्योहारों के निर्धारण तथा काल गणना पद्धति पर प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि निवेश प्रस्तावों को धरातल पर मूर्त रूप देने के लिए गतिविधियां जारी हैं। इस क्रम में 21 मार्च को ग्वालियर क्षेत्र में 18 औद्योगिक इकाइयों का भूमि-पूजन किया गया। जिनमें 11 मुरैना, सात ग्वालियर और एक इकाई का भिंड में भूमि-पूजन संपन्न हुआ। इस क्रम में कल उज्जैन संभाग की 25 इकाइयों का भूमि-पूजन होने जा रहा है, जिसमें उज्जैन की 13 और संभाग के अन्य स्थानों की 12 इकाइयां शामिल हैं। संभागवार यह क्रम निरंतर जारी रहेगा । मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण तथा वन्य जीव संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है । इस क्रम में प्रदेश में दो अभयारण को मूर्त रूप देने के बाद राज्य सरकार वाइल्ड लाइफ सैंक्च्यूरी विकसित करने की ओर अग्रसर है।

## बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट में बड़ा हादसा, भारी भरकम गांत्री फिसलकर गिरी, दो दर्जन से ज्यादा ट्रेनें रद्द



मुंबई.(आरएनएस)। मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के अंतर्गत वटावा के पास निर्माण कार्य के दौरान एक बड़ा हादसा सामने आया है। यहां एक भारी-भरकम सेगमेंटल लॉन्चिंग गैंट्री (गांत्री) को हटाते समय वह फिसलकर रेलवे ट्रैक पर गिर गई। राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है. हालांकि, इस घटना के कारण इस रूट पर चलने वाली रेल सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। कम से कम 25 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है, जबकि दो दर्जन से अधिक ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया गया है। जानकारी के अनुसार, यह हादसा रविवार रात लगभग 11 बजे हुआ।

**यूपी- संभल में पुलिस का फ्लैग मार्च**

## जामा मस्जिद के सदर की गिरफ्तारी से वकीलों में रोष, नारेबाजी, प्रदर्शन

संभल.(आरएनएस)। यूपी के संभल में जामा मस्जिद कमेटी सदर जफर अली एडवोकेट की गिरफ्तारी को लेकर शहर के अधिवक्ताओं में रोष है. सोमवार को अधिवक्ताओं ने हड़ताल कर पुलिस के खिलाफ मार्च निकाला है. साथ ही पुलिस पर गलत तरीके से कार्रवाई किए जाने का आरोप भी लगाया है. कचहरी से शंकर चौराहे तक अधिवक्ता नारेबाजी करते हुए पहुंचे. जामा मस्जिद कमेटी सदर की रिहाई के लिए मांग उठाई. इस दौरान एहतियाती तौर पर पुलिस भी तैनात रही. मालूम हो जामा मस्जिद कमेटी सदर को 24 नवंबर के बवाल में साजिश रचने समेत कई आरोप में रविवार को गिरफ्तार किया गया था. न्यायालय से जेल भेज दिया गया है. इसको लेकर ही अधिवक्ताओं ने रोष जताया है. कई थानों की फोर्स संभल में शाही जामा मस्जिद के सदर की गिरफ्तारी के बाद सुरक्षा के चाकचौबंद इंतजाम किए गए हैं.



## माफी नहीं मांगूंगा, लेकिन...मुंबई पुलिस ने कुणाल कामरा को किया फोन, एफआईआर के बाद आया ये रिएक्शन

मुंबई (आरएनएस)। कॉमेडियन कुणाल कामरा ने पुलिस से कहा है कि वह महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर अपने कथित कटाक्ष के लिए माफी नहीं मांगेंगे, लेकिन उन्होंने कहा कि वह कानून का पालन करेंगे। सूत्रों के अनुसार, कामरा ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि वह जांच में सहयोग करेंगे, लेकिन फिलहाल वह मुंबई में नहीं हैं। मुंबई पुलिस के



अधिकारियों ने अभी तक कुणाल कामरा को उनके सामने पेश होने के लिए कोई तारीख नहीं दी है। स्टैंड-अप कॉमेडियन ने पूर्ववर्ती शिवसेना से अलग होकर भाजपा में शामिल होने के लिए शिंदे पर अप्रत्यक्ष रूप से कटाक्ष किया।

## कर्नाटक में मुस्लिम आरक्षण पर संसद के दोनों सदनों में बीजेपी का हंगामा



नई दिल्ली.(आरएनएस)। संसद का बजट सत्र आज से जारी रहेगा. दो दिन के अवकाश के बाद आज लोकसभा और राज्यसभा में कर्नाटक के मुस्लिम आरक्षण पर संसद में भारी हंगामा हुआ. संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही शुरू होते ही ट्रेजरी बेंच के सदस्यों ने कर्नाटक के मुस्लिम आरक्षण को लेकर विपक्ष पर हल्ला बोल दिया. हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही 12 और राज्यसभा की कार्यवाही 2 बजे तक स्थगित कर दी गई.

राज्यसभा में नेता सदन जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जो संविधान की रक्षक बनती है. बाबा साहब ने स्पष्ट कहा है कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता. लेकिन कांग्रेस की सरकार ने साउथ में मुस्लिम धर्म के लिए कॉन्ट्रैक्ट में चार फीसदी आरक्षण का प्रावधान किया है. जेपी नड्डा ने इसे ऑथेंटिकेट किया और कहा कि कर्नाटक के डिप्टी सीएम ने वहां के सदन में कहा है कि जरूरत पड़ी तो हम संविधान को बदलेंगे और ये लोग संविधान के बड़े रक्षक बनते हैं. वहां संविधान की धज्जियां उड़ाने का काम किया गया है. विपक्ष के नेता को इसका जवाब देना चाहिए.

विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खडगे ने इसका जवाब देते हुए कहा कि बाबा साहब ने देश का संविधान बनाया. उसे कोई बदल नहीं सकता. इसकी रक्षा के लिए हमने कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा निकाली है. किसने कह दिया कि हम संविधान बदलने जा रहे हैं. इस पर किरेन रिजिजू ने कहा कि मुस्लिम लीग की पॉलिसी को जिसे बाबा साहब ने रिजेक्ट कर दिया था, उसे लागू कर कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहब की इज्जत को मिट्टी में मिलाने का काम किया है. किरेन रिजिजू ने कर्नाटक के डिप्टी सीएम का सदन में दिया वक्तव्य भी सुनाया और कांग्रेस अध्यक्ष को कार्रवाई करने की चुनौती दी.

### लगता है कि सत्तापक्ष ने सदन न चलाने का मन बना लिया है, संसद में गतिरोध पर बोलीं प्रियंका गांधी



कर्नाटक (आरएनएस)। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के संविधान पर कथित बयान पर संसद में हंगामे और कार्यवाही स्थगित होने पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि कई दिन हो गए हैं अब वे कोई न कोई बहाना ढूंढ लेते हैं। भाजपा सदस्य कर्नाटक में सरकारी ठेकों में मुसलमानों के लिए आरक्षण का मुद्दा उठा रहे हैं और दावा कर रहे हैं कि राज्य के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत कोटा तय करने के लिए संविधान में बदलाव का कथित तौर पर सुझाव दिया है। प्रियंका गांधी ने लोकसभा के दिन में दूसरी बार स्थगित होने के बाद संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, ऐसा लगता है कि उन्होंने मन बना लिया है कि वे नहीं चाहते कि सदन चले। अब कई दिन हो गए हैं। वे हंगामा करने के लिए कोई न कोई बहाना ढूंढ लेते हैं। कर्नाटक विधानसभा ने बीते शुक्रवार को विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कड़े विरोध के बीच सरकारी ठेकों में मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाला विधेयक पारित किया। राज्य मंत्रिमंडल ने 'कर्नाटक सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता' (केटीपीपी) अधिनियम में संशोधन को मंजूरी दी थी, जिसके तहत दो करोड़ रुपये तक के (सिविल) कार्यों और एक करोड़ रुपये तक के माल/सेवा खरीद अनुबंध में मुसलमानों को चार प्रतिशत का आरक्षण का प्रावधान किया गया

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने छत्तीसगढ़ विधानसभा में जय जोहार के साथ शुरू किया संबोधन, बोलीं- आपको देखकर ओडिशा की यादें ताजा हो गईं

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के रजत जयंती समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संबोधन की शुरुआत जय जोहार के साथ की। उन्होंने कहा कि आपको देखकर मुझे ओडिशा विधानसभा में अपने पुराने दिनों की याद आ गई।

**छत्तीसगढ़िया, सबले बढ़िया**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के रजत जयंती समारोह की बधाई दी। छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में हुई थी। विधायक की जिम्मेदारी निभाना जनसेवक के भावना से बड़े सौभाग्य की बात होती है। इस विधानसभा की इतिहास को जानकर ये मान्यता मजबूत हुई है कि छत्तीसगढ़िया, सबले बढ़िया।

**नारी शक्ती के रूप में ये राज्य स्थापित**

छत्तीसगढ़ राज्य को मातृशक्ति का रूप कहा जा सकता है। जैसा यहां शबरी माता का उल्लेख किया गया। यहां छत्तीसगढ़ की महतारी के बारे में गाया जाता है। ये राज्य भारत माता का साक्षात प्रतीक है। नारी शक्ती के रूप में ये राज्य स्थापित है। भारत के संसदीय परंपरा में उनका सम्मानीय स्थान है।

**मिनीमाता ने समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य किया**

राष्ट्रपति ने कहा कि वंचित वर्ग से आने वाली मिनीमाता ने समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य किया। इस सदन में महिलाओं की संख्या 19 है। इस सदन में महिलाओं को विशेष समर्थन प्राप्त हुआ है। उन्होंने महिला विधायकों से अनुरोध किया कि वे अपने क्षेत्र में महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए काम करें।



जब सभी बहनें एक-दूसरे को सशक्त बनाएंगी तो हमारा समाज और सशक्त होगा। महिला सदस्यों को प्रयास करना चाहिए कि आने वाले समय में यहां महिला सदस्यों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो।

**वामपंथी लोगों को समाज की मुख्यधारा में लाने में आप जल्द सफल होंगे**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि वामपंथी लोगों को समाज की मुख्यधारा में लाने आप जल्द सफल हों। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में विकास की असीम संभावनाएं विद्यमान है। यहां खनिज, उद्योग, हरे-भरे जंगलों सहित ये राज्य प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर है। यहां महानदी, इंद्रावती और शिवनाथ जैसी नदी का आशीर्वाद प्राप्त है।

नगर-डगर

जबलपुर दिन मंगलवार 25 मार्च 2025

दैनिक क्षितिज किरण 2




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना घमापुर में सिद्धबाबा रोड़ हनुमान मंदिर के पास खण्डर मकान एक बच्ची के मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस को साहिल गुप्ता उम्र 25 वर्ष निवासी चुंगी चौकी लालमाटी द्वारका नगर ने बताया कि वह किराना दुकान चलाता है आज सुबह लगभग 11-30 बजे अपनी दुकान में था तभी सिद्धबाबा रोड़ हनुमान मंदिर के पास खण्डर मकान के पास रहने वाला राजेश कनोजिया उसकी दुकान आकर बताया कि सिद्धबाबा वाले खाली पड़े खण्डर मकान से एक बच्चे के रोने की आवाज आ रही है तो वह राजेश कुमार कनौजिया के साथ खण्डर वाले मकान में जाकर देखा बोरी में एक छोटी बच्ची उम्र लगभग 7-8 घण्टे की होगी

## मां कर्मा माई की जयंती पर साहू समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा

# त्याग,भक्ति,वात्सल्य एवं करुणा की देवी हैं भक्त माता कर्मा-प्रभात साहू



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। साहू समाज की आराध्य देवी संत शिरोमणि भक्त कर्मा माता जयंती के अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा से पूरा जबलपुर जय मां कर्मा के जयकारे से गुंजायमान हुआ। इस अवसर पर साहू समाज द्वारा निकाली गई भव्य शोभायात्रा का स्वागत भारतीय जनता पार्टी के बरिष्ठ नेता पूर्व महापौर प्रभात साहू की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पवर्षा करते हुए अभिवादन किया गया। कर्मा माता की पूजा अर्चना कर समस्त समाजिक बंधुजनों को कर्मा माता जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए पूर्व महापौर व पूर्व महानगर अध्यक्ष प्रभात साहू ने कहा कि त्याग भक्ति वात्सल्य एवं करुणा की देवी भक्त माता कर्मा हैं, जिन्होंने जनदुखियों के दुख हरने के लिए अपनी भक्ति की शक्ति से भगवान श्रीकृष्ण को प्रसन्न कर अपने हाथों से बनाई खिचड़ी खिलाई और सब संतन का भगवान श्री कृष्ण के आशीर्वाद से दुख हर लिए। जिला साहू समाज जबलपुर के सचिव वीरेंद्र साहू ने कहा कि ममता त्याग की प्रतिमूर्ति मां कर्मा है जिनके जीवन चरित्र ने संपूर्ण मानव समाज को सेवा की नई दिशा दिखाई, संत माता कर्मा साहू समाज की आराध्य देवी है और साथ ही सभी समाज के लिए आराध्य देवी हैं, संत सभी समाज उत्थान के लिए





कार्य करते हैं समस्त क्षेत्रवासियो व साहू समाज को कर्मा जयंती की बधाई जिसमे नगर वैश्या सभा अध्यक्ष राधेश्याम साहू, पूर्व पार्षद सुबोध साहू,जिला अध्यक्ष उदयमान साहू,सचिव वीरेंद्र साई रवि साहू, सुधीर साहू, बात्री साहू समाज अध्यक्ष चौधरी मुकेश साहू, हरीश साहू, एडवोकेट अर्जुन साहू पार्षद राहुल साहू, विनोद साहू, गगन साहू,दीपक साहू,धीरज साहू,मोनू साहू,रमेश साहू कटंगी से नगर परिषद अध्यक्ष अमिताप साहू, कमलेश साहू, शहपुरा से तहसील अध्यक्ष रविकांत साहू, इंजी. दीपक साहू भेडाघाट से राष्टीय कार्यवाहक अध्यक्ष संजय साहू, रामखिलावन साहू महाराजपुर से हाकम सिंह साहू, प्रदीप साहू, ब्रजेश साहू त्रिमूर्ति नगर से रुप लाल साहू,आलोक साहू, हेमराज साहू आदि साहू समाज के पदाधिकारियों सहित सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष और बच्चे शामिल हुए।

# युवाओं में संविधान के प्रति जागरण लाने नागरिक अधिकार मंच ने आयोजित की कार्यशाला



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शहीद-ए-आजम भगत सिंह की शहादत दिवस के अवसर पर नागरिक अधिकार मंच के द्वारा मदनमहल स्थित सभागार में युवाओं में संविधान के प्रति जागृति विकसित करने की दृष्टि से संविधान जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पोलीपाथर और परसवाड़ा के 36 युवा शामिल हुए। कार्यशाला में कदम संस्था के संस्थापक योगेश गनोरे व वरिष्ठ कथाकार पंकज स्वामी अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

कथाकार पंकज स्वामी ने कहा कि संविधान सिर्फ अधिकार की बात नहीं करता बल्कि यह नागरिकों को उनके कर्त्तव्य की प्रति भी जागृत करता है। उन्होंने कहा कि संविधान भारतीय संविधान सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक न्याय के सिद्धांत को उल्लेखित करता है। पंकज स्वामी ने कार्यशाला में उपस्थित युवाओं का आह्वान किया कि वे भारतीय संविधान की उद्देशिका को ध्यान में रख कर अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता के लिए कटिबद्ध रहें।

कदम संस्था के संस्थापक योगेश गनौरे ने कहा कि भारतीय संविधान के भाग 4 क के मूल कर्तव्य में 51 क में प्राकृतिक पर्यावरण के संरक्षण का उल्लेख किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पर्यावरण संरक्षण एक विश्वव्यापी अभियान है। योगेश गनौरे ने कहा कि उनकी कदम संस्था मुख्य रूप से पेड़ लगाने पर ही कार्य कर रही है। इसके अभियान में जन्मोत्सव पर पौधारोपण अभियान, अंशरोपण और बीजारोपण अभियान संचालित किया जाता है। जन साहस संस्था के राजू चौधरी ने अपनी संस्था के कार्य पर जानकरी देते हुए युवाओं को गुड टच, बेड टच के पोक्सो एक्ट की कानूनी जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर की जानकारी देते हुए इन नंबरों को डायरी में नोट करने की सलाह दी। अरमान फाउंडेशन के अब्दुल रहीम ने जेंडर और जेंडर समानता पर विचार रखते हुए समाज में ट्रांस जेंडर कम्युनिटी की परेशानी और उनके प्रति समाज के नजरिये को युवाओं के सामने रखते हुए ट्रांस गेदर कानून की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में संस्था के सचिव शिव कुमार द्वारा युवाओं को संविधान प्रस्तावना में दिए गए संवैधानिक मूल्य जैसे सम्प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्र और गणराज्य के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में संस्था की ओर से कहकशां खानम कादरी, कौशल कबीर, किरण कवाड़े, दीक्षा यादव व अभिषेक चौधरी उपस्थित रहे।

# लोक निर्माण मंत्री सिंह 25 मार्च को शहर के विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल करेंगे पुस्तक मेला का उद्घाटन

जबलपुर-लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह 25 मार्च को प्रातरू 11०30 बजे श्री अशोक मनोध्या के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुभकामनाएं देने उनके निवास स्थान गढ़ा जायेंगे।

इसके पश्चात दोपहर 12 बजे भक्त शिरोमणि मां कर्मा जयंति पर गढ़ा पुरवा रोड स्थित लाल बिल्डिंग पर स्वास्थ्य शिविर एवं भंडारा में शामिल होंगे और दोपहर 12०15 से 2 बजे तक नागपाल गार्डन मदन महल स्थित कार्यालय में आमजन एवं कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे।

श्री सिंह शाम 5 बजे बंदरिया तिराहा से फ्लाई ओव्हर से जबलपुर महानद्दा रोड निर्माण व्हाईट टॉपिंग कार्य का भूमि पूजन छोटी लाईल फाटक पर करेंगे एवं शाम 5०30 बजे तारा सिंह महानद्दा से गुप्तेश्वर पान शॉप एवं गुप्तेश्वर बंदरिया तिराहा से एमजीएम स्कूल रेलवे क्रांसिंग मार्ग निर्माण का भूमि पूजन राधा स्वामी सत्संग भवन के पास इंदर स्कूटर रिपेयरिंग के पास गुप्तेश्वर वार्ड में करेंगे। मंत्री श्री सिंह शाम 6 बजे शहीद स्मारक प्रांगण गोलबाजार में पुस्तक मेला का उद्घाटन करेंगे और शाम 6०30 बजे ओम मेन्स वेयर से वैशाली परिसर आजाद चौक तक चौड़ीकरण एवं पुल निर्माण कार्य का भूमि पूजन संत नगर पुलिया के पास ग्वारीघाट में करेंगे। मंत्री श्री सिंह शाम 7 बजे ग्वारीघाट में इंडियन बैंक के पास मार्ग निर्माण का भूमि पूजन इंद्रपुरी टैगोर गार्डन में करेंगे एवं रात्रि 9 बजे स्टेमफील्ड स्पोर्टस पर विजय नगर में जीतो जबलपुर क्रिकेट लीग 2०० में शामिल होंगे।

### मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के जन्मदिवस पर भाजपा करेगी पौधारोपण आज

जबलपुर। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर द्वारा कल मंगलवार 25 मार्च को प्रात: 10 बजे छट मैया मैदान, सरस्वती शिशु मंदिर के पीछे अधारताल में पौधारोपण किया जाएगा।

भाजपा नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने सभी से उपस्थिति की अपील की है।

# कर्मा जयंती साहू समाज शोभायात्रा का स्वागत



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर साहू समाज जबलपुर के द्वारा कर्मा जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई पुष्प वर्षा के साथ बड़ा फुहारा में खुन्नेलाल लाल एंड कंपनी आयुर्वेदिक दवाई की दुकान के सामने जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल के सानिध्य में किया गया डॉ सुधीर अग्रवाल , सचिन अग्रवाल एडवोकेट , संस्कार उपस्थित थे

### विशाल स्वास्थ्य शिविर एवं भंडारा दिनांक 25 मार्च सुबह 10 बजे

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आपको सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि साहू समाज की आराध्य देवी माता कर्मा की 1009 वीं जयंती के उपलक्ष में साहू युवा मंडल जबलपुर द्वारा एक विशाल स्वास्थ्य शिविर और भंडारे का आयोजन किया जा रहा है आप परिवार एवं इष्ट मित्रों सहित अधिक से अधिक संख्या में पधार कर शिविर में सहभागिता प्रदान करें एवं पुण्य लाभ प्राप्त कर अपने जीवन को कृतार्थ करें।

**अभी तक 16200 करदाताओं ने जमा किये 83 करोड़ रूपये -करदाताओं के पास बकाया करों की राशि जमा करने अब मात्र 7 दिन शेष**

# 4170 करदाताओं ने आज निगम खजाने में जमा किये 1 करोड़ 41 लाख रुपये

**31 मार्च के पूर्व समस्त करों को जमा करने निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने करदाताओं से की अपील**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नगर निगम की आर्थिक स्थिति सुदृढ करने तथा लक्ष्य के अनुरूप राजस्व आय बढ़ाने के उद्देश्य से निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव लगातार वसूली अभियान की समीक्षा कर रहीं हैं और राजस्व अमले को निर्देश भी दे रहीं हैं। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देश पर निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उपायुक्त पी.एन. सनखेरे एवं राजस्व की टीम लगातार मैदान में उतरकर करदाताओं से बकाया करों की राशि जमा करने सम्पर्क बनाकर रखे हैं। उपायुक्त श्री सनखेरे ने बताया कि आज 4170 करदाताओं ने 1 करोड़ 41 लाख रूपये की राशि निगम खजाने में जमा की है। उन्होंने बताया कि सम्पत्ति कर में 2500 करदाताओं ने 1 करोड़ 16 लाख रूपये, डोर टू डोर में 800 करदाताओं ने 7 लाख रूपये एवं जल शुल्क के रूप में 870 करदाताओं ने 18 लाख रूपये की राशि निगम खजाने में जमा की है। श्री सनखेरे ने बताया कि अभी तक 16200 करदाताओं ने 83 करोड़ रूपये की राशि जमा की है, निर्धारित लक्ष्य 130 करोड़ रूपये है, शेष अभी 47 करोड़ रूपये की राशि करदाताओं से वसूल की जाना है। उन्होंने बताया कि करदाताओं के पास बकाया करों की राशि जमा करने अब मात्र 7 दिन शेष है, 31 मार्च के बाद 1 अप्रैल से करों की राशि दो गुना कर दी जायेगी जो आगामी वित्तीय वर्ष में आने वाली लोक लदालत में भी छूट नहीं मिलेगी। उन्होंने बताया कि निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने करदाताओं की सुविधा के लिए समस्त कैश काउण्टरों को सुबह 09:00 बजे से खोलने के निर्देश दिये है। उन्होंने बताया कि एम.आई.सी. सदस्य एवं राजस्व प्रभारी डॉ. सुभाष तिवारी के द्वारा भी लगातार राजस्व विभाग की समीक्षा की जा रही है, तथा लक्ष्य प्राप्ति के लिए सभी अधिकारियों को सख्ती के साथ वसूली के लिए निर्देश भी दिये हैं। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने करदाताओं से अपील की है कि 31 मार्च के पूर्व अपनी करों की राशि जमा कर नगर निगम की अप्रिय कार्यवाही से बचें तथा निगम विकास में सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि 1 अप्रैल से राशि दो गुना हो जायेगी जिसमें आने वाली लोक अदालत में भी राहत नहीं मिलेगी।

# मध्यप्रदेश की जूडो टीम में सारका, नौशीन चयनित



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जिला जुडो एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि गुप्ता द्वारा दी गई जानकारी अनुसार विगत दिनों इंदौर में संपन्न हुई जूनियर राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में जिले की दो खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर भारतीय जूडो महासंघ द्वारा 28 से 31 मार्च तक देहरादून उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय जूनियर जूडो प्रतियोगिता में सम्मिलित हेतु प्रदेश दल में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। जिला जूडो संघ के सचिव व जूडो कोच आबिद हुसैन खान ने बताया कि उक्त राष्ट्रीय जूडो स्पर्धा के लिए चयनित नगर की प्रतिभावान जूडो खिलाड़ी -44 किलोग्राम में सारका अंजुम तथा -63 किलोग्राम में नौशीन अंजुम आदि चयनित है। वर्तमान में यह खिलाड़ी त्रिभुवनदास मालपानी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मिलौनीगंज में जूडो का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। यह दोनो खिलाड़ी 26 मार्च को दोपहर में भोपाल के लिए रवाना होंगे वहां से ट्रेन नंबर 12156 से देहरादून के लिए प्रस्थान करेंगे। खिलाड़ियों की सफलता पर मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ के दिग्विजय सिंह, ओम सोनी, मध्य प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष जगजीत सिंह संधू, तकनीकी चेयरमैन कुरूष दिनशा, सचिव नरेश टटवाड़े, जिला खेल अधिकारी आशीष पांडे, क्रीड़ा भारती के भीष्म सिंह राजपूत, उमाशंकर पटेल, प्राचार्य राजकुमार मिश्रा, शायदा अली, सत्येंद्र गुरु, गौरी शंकर सार, रत्नेश सोनकर, एडवोकेट अताउर्रेहमान अंसारी, मनीष श्रीवास्तव, तावेज़ अली आदि ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# मैहर स्टेशन पर 15 जोड़ी रेलगाड़ियों का 5 मिनट का हाल्ट

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। चैत्र नवरात्रि मेला के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली 15 जोड़ी रेलगाड़ियों का मैहर स्टेशन पर दिनांक 30 .03.2025 से 12.04.2025 तक 5 मिनट का अस्थाई हाल्ट प्रदान किया गया है।

प्रारम्भिक तिथियों से चलने वाली निम्न रेलगाड़ियाँ का मैहर स्टेशन पर ठहराव:-

1) गाड़ी संख्या 11055 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 03:15/03:20 बजे दिनाँक 30.03.2025 से 11.04.2025 तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 11056 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 20:25/20:30 बजे दिनाँक 30.03.2025 से 11.04.2025 तक।

2) गाड़ी संख्या 11059 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 03:15/03:20 बजे दिनाँक 29.03.2025 से 10.04.2025 तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 11060 छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 20:25/20:30 बजे दिनाँक 31.03.2025 से 12.04.2025 तक।

3) गाड़ी संख्या 12669 चेन्नई-छपरा एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 20:50/20:55 बजे दिनाँक 29.03.2025 से 07.04.2025 तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 12670 छपरा-चेन्नई एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 07:25/07:30 बजे दिनाँक 31.03.2025 से 09.04.2025 तक।

4) गाड़ी संख्या 19051 वलसाड-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 15:05/15:10 बजे दिनाँक 29.03. 2025 से 05.04.2025 तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 19052 मुजफ्फरपुर-वलसाड एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 11:40/11:45 बजे दिनाँक 31.03.2025 से 07.04.2025 तक।

5) गाड़ी संख्या 11045 श्री छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनस कोल्हापुर-धनबाद एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 17:20/17:25 बजे दिनाँक 04.04.2025 से 11.04.2025 तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 11046 धनबाद-श्री छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनस कोल्हापुर एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 22:25/22:30 बजे दिनाँक 31.03.2025 से 07.04.2025 तक।

6) गाड़ी संख्या 15268 एलएलटी-रक्सौल एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 10:40/10:45 बजे दिनाँक 31.03.2025 से 07.04.2025 तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 15267 रक्सौल-एलएलटी एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 11:25/11:30 बजे दिनाँक 29.03.2025 से 05.04.2025 तक।

7) गाड़ी संख्या 18201 दुर्ग-नवतनवा एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 05:35/05:40 बजे दिनाँक 02.04.2025 से 11.04.2025 तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 18202 नवतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय मध्यात्रि 01:55/02:00 बजे दिनाँक 30.03.2025 से 11.04.2025 तक।

8) गाड़ी संख्या 11037 पुणे-गोरखपुर एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 11:05/11:10 बजे दिनाँक 03.04.2025 से 10.04.2025 तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 11038 गोरखपुर-पुणे एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय भोर 04:20/04:25 बजे दिनाँक 29.03.2025 से 05.04.2025 तक।

9) गाड़ी संख्या 17610 पूर्णा-पटना एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 10:40/10:45 बजे दिनाँक 03.04.2025 से 10.04.2025 तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 17609 पटना-पूर्णा एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय सायं 17:15/17:20 बजे दिनाँक 05.04.2025 से 12.04.2025 तक।

10) गाड़ी संख्या 22103 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-अयोध्या कैंट एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 06:45/06:50 बजे दिनाँक 31.03.2025 से 07.04.2025 तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 22104 अयोध्या कैंट-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 08:50/08:55 बजे दिनाँक 01.04.2025 से 08.04.2025 तक।

11) गाड़ी संख्या 18610 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-राँची एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 10:40/10:45 बजे दिनाँक 04.04.2025 से 11.04.2025 तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 18609 राँची-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 13:40/13:45 बजे दिनाँक 02.04.2025 से 09.04.2025 तक।

12) गाड़ी संख्या 22971 बांद्रा टर्मिनस-पटना एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 15:05/15:10 बजे दिनाँक 31.03.2025 से 07.04.2025 तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 22972 पटना-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 08:15/08:20 बजे दिनाँक 02.04.2025 से 09.04.2025 तक।

13) गाड़ी संख्या 22131 पुणे-बनारस एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 11:05/11:10 बजे दिनाँक 31.03.2025 से 07.04.2025 तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 22132 बनारस-पुणे एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 11:25/11:30 बजे दिनाँक 02.04.2025 से 09.04.2025 तक।

14) गाड़ी संख्या 15647 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गुवाहाटी एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय मध्य रात्रि 01:00/01:05 बजे दिनाँक 04.04.2025 से 11.04.2025 तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 15648 गुवाहाटी-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय रात्रि 23:15/23:20 बजे दिनाँक 01.04.2025 से 08.04.2025 तक।

15) गाड़ी संख्या 19045 सूरत-छपरा एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय मध्य रात्रि 02:30/02:35 बजे दिनाँक 30.03.2025 से 11.04.2025 तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 19046 छपरा-सूरत एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय रात्रि 22:45/22:50 बजे दिनाँक 30.03.2025 से 12.04.2025 तक। यात्री रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस/139 रेल मदद से भी विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है।



भोपाल ( आरएनएस )। केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र विदिशा के प्रवास पर थे। शिवराज सिंह ने विदिशा में आयोजित कई स्थानीय कार्यक्रमों में शिरकत की। केन्द्रीय मंत्री ने यहां एक निजी फूड प्रोडक्ट इंडस्ट्री का शुभारंभ किया और बाढ़ वाले गणेश मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की और यहां आयोजित होली मिलन समारोह में सहभागिता की। वहीं केन्द्रीय मंत्री ने अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में ब्लड बैंक का उद्घाटन किया।

# जड़ों से जुड़े रहकर ही विकास पथ पर बढ़ा जा सकता है आगे-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल-(आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में विगत सवा वर्ष में मध्यप्रदेश सरकार ने विरासत को साथ लेकर विकास के नए आयाम स्थापित किये हैं, जिससे उन्हें संतोष है। प्रदेश सरकार गरीब, युवा, महिला और किसान कल्याण के लिए लगातार काम कर रही है। इंदौर की हुकुमचंद मिल के श्रमिकों का कई वर्षों से लंबित भुगतान जहां एक ओर पूरा कर दिया गया है, वहीं दूसरी ओर राज्यों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंधों के आधार पर 20 वर्ष पुरानी पार्बती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजना भी मूर्त रूप ले रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में साढ़े आठ लाख आवास और ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 36 लाख आवास में गृह प्रवेश करवाया जा चुका है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि जड़ों से जुड़े रहकर ही विकास



पथ पर आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने ये विचार रविवार को दिल्ली में एक निजी समाचार चैनल द्वारा आयोजित %डायमंड स्टेट्स समिट% कार्यक्रम में व्यक्त किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 2000 वर्ष पूर्व सम्राट विक्रमादित्य ने वीरता, न्यायप्रियता और दानशीलता से शासन की व्यस्थाओं का संचालन किया और विदेशी आक्रांताओं से स्वतंत्रता दिलाकर सुशासन स्थापित किया, जो प्रदेश की गौरवशाली विरासत है। विक्रम संवत का प्रवर्तन इसी गौरवशाली परंपरा का हिस्सा है। सम्राट विक्रमादित्य ने अपने राज्य में जनता का कर्ज माफ किया और बिना ब्याज का धन जनता को उपलब्ध कराया। उनके पुरुषार्थ के विभिन्न आयामों का उत्सव मनाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार आगामी 12 से 14 अप्रैल तक दिल्ली में विक्रमादित्य महानाट्य का आयोजन करेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन महाकाल और काल की नगरी है। यहां पृथ्वी 23.6 अंश पर झुकी हुई है जो इसे कालगणना के लिए सर्वोत्तम स्थल बनाती है। उज्जैन को विश्व का मीन टाइम बनाने के उद्देश्य से यहां वैदिक घड़ी की स्थापना की गई है, जो भारतीय ज्ञान की गौरवशाली परंपरा को पुनर्स्थापित करेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जीवन के उच्च आदर्शों और नैतिकता को जीवन शैली में सम्मिलित करने के लिए प्रदेश सरकार संकल्पित है। प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। महर्षि सांदीपनि के आश्रम को तीर्थ के रूप में विकसित कर नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया जा रहा है। भगवान श्रीकृष्ण से जोड़कर आदर्श गोकुल ग्राम बनाए जा रहे हैं, जिसके माध्यम से देश के दुग्ध उत्पादन में प्रदेश की हिस्सेदारी को 9त्न से बढ़ाकर 20त्न करने का लक्ष्य है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि वर्ष 1956 में गेहूं का समर्थन मूल्य 94 रुपए प्रति क्विंटल और वर्ष 2002-03 में 600 रुपए था, जिसे आज बढ़ाकर 2600 रुपए कर दिया गया है। वर्ष 2002-03 में राज्य का बजट केवल 23 हजार करोड़ का था, जो वर्तमान में बढ़कर 4 लाख 21 हजार करोड़ का हो गया है। पूरे देश में सबसे सस्ती बिजली मध्यप्रदेश में उपलब्ध है, जो दिल्ली मेट्रो को भी प्रदाय की जा रही है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार प्रदेश को सक्षम और सम्पन्न राज्य बनाने के लिए हर संभव कदम उठा रही है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को %डायमंड स्टेट अवॉर्ड% से सम्मानित किया गया।

# विधानसभा में सरकार रो रही है, विपक्ष रो रहा है, पुलिस पिट रही है तो आखिर हंस कौन रहा है.. - डॉ. राजेंद्र सिंह

भोपाल (आरएनएस)। विधानसभा में मध्य प्रदेश विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष, अमरपाटन विधायक डॉ. राजेंद्र सिंह सत्ता पक्ष और विपक्ष की कार्यप्रणाली, जिसमें सत्ता द्वारा जनहित की योजनाओं और विपक्ष द्वारा जनता की आवाज उठाकर निराकरण करने के लिए जनप्रतिनिधियों के माध्यम से पवित्र सदन में आवाज उठाई जाती है जो प्रदेश की 8 करोड़ जनता की एक अलग पहचान है उस विधानसभा में एक अद्भुद दृष्य देखने को मिला है।

डॉक्टर सिंह ने कहा कि कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा द्वारा रीवा पुलिस की कार्यप्रणाली पर सदन में एक सवाल उठाया गया, जिसके जबाव में मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल न सिर्फभावुक हुये बल्कि वह रोने भी लगे। यह देखकर सारा सदन सकते में आ गया। उधर कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा तो रो ही रहे थे लेकिन मंत्री जी भी रोने लगे। अब सवाल यह है कि आज विधानसभा में सरकार रो रही है, विपक्ष भी रो रहा है, और महंगाई के कारण प्रदेश की जनता भी रो रही है और पुलिस भी पिट रही है तो आखिर हंस कौन रहा है?

डॉ. सिंह ने कहा कि ऐसी स्थिति में अवैध कारोबार में लिप्त सरकार के संरक्षण में फल फूल रहे शराब माफिया, खनन माफिया, भू माफिया, कोयला माफिया, शिक्षा, चिकित्सा माफिया और तरह-तरह के माफिया हंस रहे है। क्योंकि पुलिस और प्रशासन सरकार की सह पर इन सभी तरह के माफियाओं से अवैध वसूली कर मोटी रकम जुटा रही है और सत्ता सुख भोग रहे भाजपा के भष्ट नेताओं, मंत्रियों और यहां तक की मुख्यमंत्री के यहां पहुंच रहे हैं। प्रदेश का आलम यह है कि म.प्र. में आपराधिक तत्वों का कानून से खौफ खत्म हो गया है।

डॉ. सिंह ने कहा कि सत्ता पक्ष में बैठे मंत्री ही अगर इस तरह के घड़ीयाली आंसू बहाएंगे तो प्रदेश की जनता का क्या हाल होगा ?

**ग्रीन भारत एक्सपो का दूसरा दिन: ग्रीन सॉल्यूशंस से घरेलू बचत और बिजनेस के नए अवसर**

भोपाल (आरएनएस)। भोपाल में आयोजित ग्रीन भारत एक्सपो के दूसरे दिन इनोवेटिव प्रोडक्ट्स और ग्रीन एनर्जी सॉल्यूशंस ने बड़ी संख्या में आगंतुकों को आकर्षित किया। खासकर शून्य निवेश पर सूर्यपति योजना ने लोगों का विशेष ध्यान खींचा, जिससे बिना शुरुआती निवेश के घरों में सौर ऊर्जा से बिजली प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है।-प्रमुख आकर्षण: *सौर ऊर्जा से बिजली बिल मुक्त भविष्य* ङ्क सोलर सिस्टम अपनाने वालों को 30 साल तक बिजली बिल से छुटकारा।

*सरकारी सब्सिडी के लाभ* ङ्क सोलर पैनल और लाइट्स पर लाखों की सब्सिडी उपलब्ध।

*ई-व्हीकल्स की बड़ी रेंज* ङ्क घरेलू और कमर्शियल उपयोग के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों की विशेष प्रदर्शनी।

# ऊर्जा मंत्री तोमर ने पर्यावरण संवारने और सेहतमंद जीवन बनाने का संदेश देने चलाई साइकिल



भोपाल (आरएनएस) ग्वालियर उप नगर के वाशिंदों को पर्यावरण सुरक्षा और सेहतमंद जीवन बनाने का संदेश देने के लिए ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर रविवार की सुबह कांच मील न्यू कॉलोनी स्थित अपने निवास से हजीरा इंटक मैदान सब्जी मंडी तक साइकिल से पहुँचे। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने इस दौरान सब्जी विक्रेताओं की समस्याओं को सुना और ताज़ी सब्जियां ख़रीदीं।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने समाज से स्वच्छ हवा, स्वस्थ जीवनशैली और हरियाली को अपनाने का आहवान करते हुए कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का जिम्मेदारी से उपयोग करें ताकि प्रदूषण को कम कर पृथ्वी के संतुलन को बनाए रखा जा सके। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। हम सभी को अपने जीवन में छोटी-छोटी आदतों से बड़े बदलाव लाने का प्रयास करना चाहिए।

बच्चों के साथ क्रिकेट

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने इंटक मैदान में क्रिकेट खेल रहे बच्चों के साथ क्रिकेट खेली तथा बच्चों को बेहतर खिलाड़ी बनकर देश का नाम रोशन करने की सलाह दी। उन्होंने क्रिकेट खेलने के लिए किट दिलाने का आश्वासन दिया।

**मध्यप्रदेश में रहने वाले पूर्वांचल के लोग बिहार को विकसित बनाने में अपनी भूमिका निभाएं**

# बिहार के छात्र आंदोलन से निकली सोच ही आज देश की सेवा कर रही है - विष्णुदत्त शर्मा

भोपाल (आरएनएस)। भारती जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता सत्यपाल नरोत्तम ने बिहार दिवस के उपलक्ष्य में भोपाल में आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि बिहार ने सनातन काल से दुनिया को लोकतंत्र की शिक्षा देने का कार्य किया है। आपातकाल के बाद लोकतंत्र को पुनर्जीवित करने की शुरूआत भी बिहार से हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बिहार के छात्र आंदोलन से निकली सोच को आगे बढ़ाकर देश की सेवा कर रहे हैं।

बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता सत्यपाल नरोत्तम ने कहा कि मध्यप्रदेश में रहने वाले हमारे पूर्वांचल और बिहार के लोग बिहार राज्य को विकसित बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। जन्मभूमि और कर्मभूमि में समन्वय बनाकर राष्ट्र की सेवा में अपना योगदान देते रहे। सम्मेलन को जिला अध्यक्ष श्री रविन्द्र यति ने भी संबोधित किया। प्रबुद्धजन सम्मेलन से पहले छठ समितियों की बैठक आयोजित की गयी।

प्रधानमंत्री राज्यों के संस्कृति व उत्सवों को पुनर्जीवित करने का कार्य कर रहे

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि भारत वसुधैव कुटुंबकम के साथ आगे बढ़ रहा है, लेकिन आजादी के बाद के सालों में राज्यों की संस्कृति और उत्सवों को दूसरे राज्यों में मनाना कुछ कम हो गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस परंपरा को पुनर्जीवित करने का कार्य किया है। इसके लिए भाजपा ''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' नाम का अभियान चला रही है। इसी अभियान के तहत वाराणसी में तमिल संगम का आयोजन किया गया और अब मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल, इंदौर सहित अन्य शहरों में बिहार राज्य के स्थापना दिवस को बिहार दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। भाजपा आज शनिवार को बिहार स्थापना दिवस के मौके पर मध्यप्रदेश सहित देश के 25 राज्यों में 75 स्थानों पर पूर्वांचल और बिहार के लोगों के साथ बिहार का स्थापना दिवस मना रही है। प्रधानमंत्री संपूर्ण भारत को एक सूत्र में बांधने का कार्य कर रहे हैं। राज्यों की संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने का कार्य भारतीय जनता पार्टी कर रही है।

बिहार के लोग जहां हैं उस राज्य को अपने कर्मठता व कर्मशीलता से आगे ले जा रहे हैं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि बिहार के लोग अपनी कर्मठता और कर्मशीलता से देश-विदेश में जहां भी हैं, उस राज्य व देश को आगे ले जाने का कार्य कर रहे हैं। जब मैंने छात्र राजनीति में कदम रखा तो मुझे किसी पर सबसे अधिक भरोसा था तो वह बिहार का रहने वाला एक भाई था। यह भरोसा बिहार के लोग अपनी मेहनत और ईमानदारी से जहां रहते हैं, वहां बना लेते हैं। बिहार के लोग कठिन परिस्थितियों में भी रहकर खुद को वहां की परिस्थिति में ढालकर उस शहर व राज्य के विकास के लिए दिन रात-प्रयासरत रहते हैं। मध्यप्रदेश के विकास में भी बिहार के लोगों का अमूल्य योगदान है। आप सभी मध्यप्रदेश के विकास में योगदान देने के साथ बिहार राज्य को भी और आगे ले जाने के लिए अपनी-अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में बिहार के लोगों को हमेशा आदर और सम्मान के भाव से देखा जाता है। बिहार ने मध्यप्रदेश में भाजपा को कई नेता दिए हैं। स्वर्गीय प्रभात झा जी हमारी पार्टी के मध्यप्रदेश के अध्यक्ष रहे हैं, वे बिहार के रहने वाले थे। भोपाल के तीन बार जिला अध्यक्ष और विधायक रहे स्वर्गीय सुरेन्द्रनाथ सिंह भी पूर्वांचल के रहने वाले थे। भाजपा के वर्तमान जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति भी वहीं से आते हैं।

## कलेक्टर ने किया आयुष्मान कार्ड कैंप का निरीक्षण, बजरंगगढ़ किले के संरक्षण पर दिया जोर

गुना (आरएनएस)। गुना जिले में आज सभी जगहों पर आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष कैंपों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में कलेक्टर किशोर कुमार कन्?याल ने ग्राम पंचायत बजरंगगढ़ में लगे आयुष्मान कैंप का निरीक्षण किया और वहां की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कैंप में उपस्थित हितग्राहियों से संवाद किया और पूछा कि अब तक उन्होंने आयुष्मान कार्ड क्यों नहीं बनवाया। साथ ही उन्होंने लोगों को इस योजना के लाभों की जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्ड के माध्यम से वह अपना 5 लाख रूपये तक का मुफ्त इलाज सरकारी और सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में करवा सकते हैं। कलेक्टर ने मौके पर ही आयुष्मान कार्ड बनने की प्रक्रिया का डेमो देखा और अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पात्र हितग्राहियों के कार्ड समय पर बनाए जाएं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा आप सभी लोग आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, समग्र आईडी और अन्य दस्तावेजों को अपडेटेड रखें ताकि किसी को योजना का लाभ लेने में परेशानी न हो। इस दौरान उपस्थित हितग्राहियों द्वारा बताया गया कि अक्सर कई लोग काम की तलाश में शहर से बाहर जाते हैं इसलिए कई लोगों की आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाए हैं। जिसपर जनपद पंचायत सीईओ गौरव खरे ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का आधार कार्ड अपडेटेड है,

**महारानी लक्ष्मी बाई कन्या महाविद्यालय में मध्यप्रदेश शिक्षण संघ का दायित्व बोध/ शपथ समारोह**

# संस्कृति के सरंक्षण और संवर्धन में शिक्षक समाज का महत्वपूर्ण योगदान है - राज्य मंत्री श्रीमती गौर




भोपाल (आरएनएस) पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि शिक्षक समाज का संस्कृति के सरंक्षण और संवर्धन में महत्वपूर्ण योगदान है । शिक्षकों के प्रयास से एक ऐसी पीढ़ी का निर्माण हो, जिसमें राष्ट्रभक्ति की भावना प्रबल हो और जो राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का आधार बने। राज्य मंत्री श्रीमती गौर रविवार को महारानी लक्ष्मी बाई कन्या महाविद्यालय भोपाल में मध्यप्रदेश शिक्षण संघ द्वारा आयोजित दायित्व बोध/शपथ समारोह को संबोधित कर रही थी।

राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि मध्यप्रदेश शिक्षक संघ बीते 55 वर्षों से पूर्ण समर्पण के साथ राष्ट्र हित, शिक्षा हित, शिक्षक हित और छात्र हित में सतत कार्यरत है।

राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने पदाधिकारियों को शपथ भी दिलाई। राज्य मंत्री श्री नारायण सिंह पंवार, विधायक श्री भगवानदास सबनानी, डॉ. छत्रवीर सिंह राठौर, श्री राजीव शर्मा, नागेश पांडे सहित मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के नगर, महानगर विकासखंड, तहसील और जिलों से आए हुए सभी निर्विरोध निर्वाचित सामान्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## भीषण गर्मी में लू-तापघात से बचाव के लिए कलेक्टर ने जारी की एडवाइजरी

गुना (आरएनएस)। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, इस वर्ष मार्च से मई 2025 तक प्रदेश सहित संपूर्ण मध्य भारत में सामान्य से अधिक गर्मी पड़ने की संभावना है। इसके मद्देनजर, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने भीषण गर्मी और लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वास्थ्य सुरक्षा उपायों का पालन करें, ताकि लू और तापघात से बचा जा सके।

गर्मी में विशेष सावधानी बरतें

कलेक्टर ने कहा कि गर्मी के दौरान शरीर में पानी की कमी हो सकती है, जिससे लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। इससे बचने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी, आमपन्ना, नींबू पानी, छाछ, नारियल पानी और ओआरएस का सेवन करना चाहिए। हल्के, ढीले और सूती कपड़े पहनने से शरीर को ठंडक मिलती है और गर्मी से राहत मिलती है।

एडवाइजरी में दोपहर 12 से 3 बजे के बीच धूप में निकलने से बचने की सलाह दी गई है। यदि बाहर जाना अत्यावश्यक हो, तो सिर को टोपी, गमछे या छतरी से ढककर निकलें। अत्यधिक शारीरिक श्रम और व्यायाम करने से भी बचें, विशेष रूप से बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं, बच्चों और हृदय रोगियों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

# प्रदेश में 5 केन्द्रीय पुस्तकालयों का संचालन

**पुस्तकालयों में विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों की सुविधा**

भोपाल (आरएनएस) प्रदेश में नागरिकों, विशेषकर विद्यार्थियों को अध्ययन सुविधा उपलब्ध कराने के लिये स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 5 केन्द्रीय पुस्तकालयों का संचालन किया जा रहा है। इसके साथ ही भोपाल के जीटीबी कॉम्प्लेक्स में विभाग द्वारा वित्तीय अनुदान से स्वामी विवेकानन्द लाइब्रेरी (पूर्व ब्रिटिश लाइब्रेरी) का संचालन किया जा रहा है। इन पुस्तकालयों में विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों की भी सुविधा दी जा रही है। शासकीय मौलाना आजाद केन्द्रीय पुस्तकालय भोपाल को सेंट्रल लाइब्रेरी के नाम से भी जाना जाता है। यह पुस्तकालय साहित्यिक पुस्तकों का भंडार भी है। पुस्तकालय में न्यूनतम शुल्क पर अधिकतम सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। वर्तमान में पुस्तकालय में करीब एक लाख से अधिक पुस्तकें हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, ऊर्दू, अरबी, फारसी आदि भाषाओं में उपलब्ध हैं। इसके साथ ही विभिन्न मासिक पत्रिका, समाचार पत्र, इंटरनेट सुविधा, निशुल्क सेमिनार की सुविधा भी उपलब्ध है। पुस्तकालय के 3 अध्ययन हॉल में प्रतिदिन औसत रूप से 600 छात्र-छात्राएं बैठकर अध्ययन करते हैं। इस वर्ष मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा पुस्तकालय का अनुरक्षण एवं विकास कार्य किया गया है। पुस्तकालय में अध्ययन सुविधाओं के लिये 32 केबिन मॉडल स्टडी रूम का विकास लोक शिक्षण संचालनालय के आवंटित बजट से किया गया है। पुस्तकालय में महिला स्व-सहायता समूह को दीदी कैंटीन के संचालन का कार्य दिया गया है।

अहिल्या केन्द्रीय पुस्तकालय इंदौर 60 वर्ष पुराना हैरीटेज भवन है। %पुस्तकें बुलाती हैं% अभियान के अंतर्गत इस पुस्तकालय से अब तक 17 हजार से अधिक विद्यार्थी पुस्तकालय से जुड़ कर पुस्तकालय का भ्रमण कर चुके हैं। पुस्तकालय में प्रति 15 दिवस के अंतराल में एक प्रशासनिक अधिकारी द्वारा प्रतियोगी परीक्षार्थियों को मार्गदर्शन दिये जाने की सुविधा निर्धारित की गई है। यहां लाइब्रेरी साइंस के विद्यार्थी प्रशिक्षण लेने भी आते हैं। शासकीय केन्द्रीय पुस्तकालय ग्वालियर में आने वाले छात्र-छात्राओं को व्यक्तिगत सामान रखने के लिये 190 से अधिक क्षमता वाले लॉकर रैक लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा आवंटित बजट से क्रय किया गया है। पुस्तकालय की स्वशासी समिति की बैठक के लिये निर्णय अनुसार पुरानी सदस्यताओं को संशोधित कर 13 प्रकार की नई सदस्यताएं प्रारंभ की गई हैं।

**मोहनपुरा.कुंडालिया को सर्वश्रेष्ठ समन्वित जल संसाधन प्रबंधन पुरस्कार मिलने पर दी बधाई**

# जल संसाधन के समुचित प्रबंधन से सिंचाई रकबे में निरंतर वृद्धि -मंत्री सिलावट


भोपाल-(आरएनएस) जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉण् मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में नवीन सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण और जल संसाधन के समुचित प्रबंधन से सिंचाई रकबे में निरंतर वृद्धि हो रही है। हर खेत तक पानी पहुंचाना प्रदेश सरकार का संकल्प है। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि यह प्रसन्नता और गौरव का विषय है कि राजगढ़ जिले की मोहनपुरा.कुंडालिया सिंचाई परियोजना को जल संसाधनों के कुशल उपयोगए जल संरक्षण और कृषि क्षेत्र में सुधार के लिए सीबीआईपी ;सेंट्रल बोर्ड ऑफ इरिगेशन एंड पॉवरद्ध अवॉर्ड्स. 2024 में ष्सर्वश्रेष्ठ समन्वित जल संसाधन प्रबंधनष् ;बेस्ट आईडब्लूआरएमद्ध पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इसके लिए विभागीय अमला तथा क्षेत्र के किसान बधाई के पात्र हैं। पुरस्कार नई दिल्ली में सेंट्रल बोर्ड ऑफ इरीगेशन एंड पॉवर के ज्यूरी सदस्य श्री एण्केण् दिनकरए श्री घनश्याम प्रसाद एवं डॉण् एमण्केण् सिन्हा द्वारा गत दिवस दिया



गया है। इसे मुख्य अभियंता एवं परियोजना निदेशक श्री जीपी सिलावटए अधीक्षण यंत्री एवं परियोजना प्रशासक श्री विकास राजोरियाए परियोजना निदेशक श्री शुभंकर बिस्वास ने प्राप्त किया।

मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि यह पुरस्कार मध्यप्रदेश की अभिनव जल प्रबंधन प्रणाली और सतत कृषि विकास में योगदान को मान्यता प्रदान करता है। यह सम्मान राज्य सरकार की दूरदर्शी जल प्रबंधन नीतियों और कुशल कार्यान्वयन का परिणाम है। पुरस्कार जल संरक्षण और आधुनिक सिंचाई प्रणालियों के विस्तार को प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने बताया कि मोहनपुरा.कुंडालिया सिंचाई परियोजना की सबसे बड़ी खासियत ष्रिजर्वायर से सीधे खेत तकष् ;रिजर्वायर टू फॉर्मद्ध पानी पहुंचाने की नवीनतम तकनीक है। इस तकनीक में पारंपरिक नहरों के बजाय प्रेशराइज्ड पाइप लाइन नेटवर्क का उपयोग किया जाता हैए जिससे पानी बिना किसी रिसाव और वाष्पीकरण के सीधे खेतों तक पहुँचता है। पाइप लाइन आधारित सिंचाई प्रणाली से जलाशय से निकलने वाला पानी बिना खुली नहरों के सीधे किसानों तक पाइपों के माध्यम से पहुँचाया जाता हैए जिससे पानी का अपव्यय न के बराबर होता है।

मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि भू.जल स्तर संतुलनए पर्यावरणीय संतुलनए जलभरावए मिट्टी कटाव और जैव विविधता संरक्षण के साथ ही जल प्रबंधन में यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। मोहनपुरा.कुंडालिया सिंचाई परियोजना ने मध्यप्रदेश को जल प्रबंधन के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बना दिया है। इस पुरस्कार से यह सिद्ध होता है कि नवीनतम तकनीकों और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ जल संसाधनों का उपयोग किया जाएए तो जल संरक्षण और सतत कृषि विकास को बढ़ावा दिया जा सकता है। यह परियोजना अन्य राज्यों के लिए भी एक प्रेरणादायक मॉडल बनेगी और जल संसाधन प्रबंधन में मध्यप्रदेश की भूमिका को और सशक्त बनाएगी।



हिंदू धर्म में मंगलवार का दिन हनुमान जी को समर्पित होता है। इस दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के भक्त हनुमान जी की पूजा की जाती है। मंगलवार का व्रत मनचाहा वर पाने के लिए रखा जाता है। मंगलवार का व्रत करने से जातक की हर मनोकामना पूरी होती है। वहीं हनुमान जी की कृपा से जीवन के दुख और संकट दूर हो जाते हैं

## एक और जज्बाती मुद्दा

स्टालिन की पहल के साथ लेफ्ट शासित केरल, कांग्रेस शासित कर्नाटक एवं तेलंगाना, आम आदमी पार्टी शासित पंजाब, और उड़ीसा की विपक्षी पार्टी बीजू जनता दल भी जुड़ गए हैं। पश्चिम बंगाल की टीएमसी भी कई मुद्दों पर उनके साथ है। भाषा, परिसीमन, और नई शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत राज्यों की स्वायत्तता के कथित हनन की शिकायत को जोड़ कर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन केंद्र के खिलाफ विपक्षी लामबंदी करने में सफल होते दिख रहे हैं। मकसद बेशक अगले चुनावों के मद्देनजर सियासी गोलबंदी है, फिर भी भाषा जैसे जज्बाती प्रश्नों में छिपी शक्ति को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। धर्म और जाति केंद्रित गोलबंदी की राजनीति ने देश को पहले ही भटका रखा है।

अब भाषा और प्रादेशिक पहचान के मुद्दों पर बढ़ रहे तनाव से एक और गंभीर चुनौती खड़ी होती दिख रही है। स्टालिन की पहल के साथ लेफ्ट शासित केरल, कांग्रेस शासित कर्नाटक एवं तेलंगाना, आम आदमी पार्टी शासित पंजाब, और उड़ीसा की विपक्षी पार्टी बीजू जनता दल भी जुड़ गए हैं। पश्चिम बंगाल में सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस भी कई मुद्दों पर उनके साथ है। 22 मार्च को चेन्नई में आयोजित विपक्षी बैठक में इस लामबंदी का अगला एजेंडा जाहिर होगा। बहरहाल, यह साफ है कि केंद्र में सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी ने सत्ता के केंद्रीकरण एवं अपने वैचारिक एजेंडे को लागू करने का जो उत्साह दिखाया है उस पर कई सियासी हलकों में विपरीत प्रतिक्रिया उभर रही है। इसलिए यह सही वक्त है, जब इस मसले को गंभीरता से लिया जाए। भाषा और एनईपी के मुद्दों पर भरोसे का माहौल बनाने की जरूरत है।

## रचनात्मकता की नई परिकल्पना : भारत का वेव्स शिखर सम्मेलन 2025 किस प्रकार वैश्विक मनोरंजन को नया रूप देगा

चैतन्य प्रसाद (भारतीय सूचना सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी)

प्रामाणिक कहानियों और रचनात्मक मनोरंजन की भूखी दुनिया में, भारत वैश्विक मीडिया परिदृश्य में क्रांति लाने के लिए पूरी तरह तैयार है। विश्व दृश्य-श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) महज मीडिया और मनोरंजन से जुड़ा एक हितधारक भर नहीं है - यह एक ऐसे परिवर्तनकारी दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है जो दुनिया भर में रचनाकारों, नीति-निर्माताओं और दर्शकों के कंटेंट के साथ जुड़ने के तौर-तरीके को नए सिरे से परिभाषित करेगा। आगामी 1-4 मई, 2025 को मुंबई में आयोजित होने वाला वेव्स, संभवत: सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा रचनाकारों के इकोसिस्टम के लिए शुरू की गई एक ऐसी बेहद दूरदर्शी पहल के रूप में उभर कर सामने आया है, जो मनोरंजन के वैश्विक मंचों के लिए एक नया स्वर्णिम मानक स्थापित करेगा। दशकों से भारत कहानी कहने की कला के क्षेत्र में एक महाशक्ति रहा है और अपनी फिल्मों, संगीत एवं डिजिटल कंटेंट के जरिए दुनिया को मंत्रमुग्ध करता रहा है। फिर भी, अपने विशुद्ध रचनात्मक सृजन के बावजूद, इस देश ने शायद ही कभी वैश्विक मनोरंजन उद्योग में भागीदारी की शर्तों को निर्धारित किया है। वेव्स उस कहानी को बदलना चाहता है। इसका नाता सिर्फ भारतीय रचनात्मकता को प्रदर्शित करने भर से नहीं है ङ्क इसका सरोकार मीडिया, मनोरंजन और प्रौद्योगिकी के इर्द-गिर्द होने वाली वैश्विक बातचीत को आकार देने से है। यदि दावोस आर्थिक नीति का केंद्र है और कान्स सिनेमा का मंदिर है, तो वेव्स का उद्देश्य नवाचार के सृजन और प्रमुख हितधारकों के सहयोग - कलात्मक प्रतिभा के संगम - के जरिए मनोरंजन के भविष्य को परिभाषित करना है।

वेव्स का वास्ता सिर्फ बड़े फलक वाली रणनीति से नहीं है इसका संबंध रचनाकारों, व्यवसायों और निवेशकों के लिए वास्तविक अवसर उपलब्ध कराने से है। 'भारत पैवेलियन' भारत की कहानी कहने की विरासत का उत्सव मनाएगा। इसमें प्राचीन महाकाव्यों एवं लोककथाओं से लेकर एआई-संचालित कंटेंट और मोहित कर देने वाली डिजिटल कहानी कहने की कला तक के इसके विकास को दर्शाया जाएगा। इसके जरिए भारत द्वारा विश्व को बताया जा रहा है कि- हमारी कहानियां भले ही कालातीत हैं, लेकिन कहानी कहने की हमारी शैली अत्याधुनिक है। वहीं 'वेव्स बाज़ार', जो अपनी तरह का पहला सालोंभर खुला रहने वाला वैश्विक कंटेंट बाजार है, कंटेंट की खरीद, बिक्री और वितरण के तरीके को बदलने के लिए तैयार है। पारंपरिक समारोह-संचालित अधिग्रहण मॉडल से आगे बढ़ते हुए, यह डिजिटल-प्रथम प्लेटफॉर्म निरंतर वैश्विक लेनदेन को संभव बनाएगा। इससे भारत और अन्य देशों के रचनाकारों को हमेशा सक्रिय रहने वाले मुद्रीकरण इकोसिस्टम तक पहुंच हासिल होना यह सुनिश्चित होगा।

हाल ही में ड्यून:पार्ट टू द्वारा भारत के महत्वपूर्ण वीएफएक्स योगदान के साथ सर्वश्रेष्ठ दृश्य प्रभाव के लिए 2025 का ऑस्कर जीतने जैसी सफलताओं, जो हमारी रचनात्मक क्षमता का उदाहरण है, को वेव्स वैश्विक मंच पर प्रदर्शित और पोषित करना चाहता है। लेकिन उद्योग जगत की सभी चर्चाओं से परे, जो चीज वेव्स को वास्तव में अलग बनाती है वह है इसका व्यापक दृष्टिकोण। यह एक बार का आयोजन नहीं है - यह भारत को मनोरंजन से जुड़े नवाचार के वैश्विक मुख्यालय के रूप में स्थापित करने की एक दीर्घकालिक रणनीति है। जैसे-जैसे वैश्विक मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग का आकार 2030 तक तीन ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का होने की ओर बढ़ रहा है, भारत एक आउटसोर्सिंग केन्द्र के रूप में नहीं बल्कि मनोरंजन के सृजन और उससे जुड़ी नीतिगत व निवेश के मामले में वैश्विक स्तर पर एक अग्रणी देश के रूप में उभरने की ओर अग्रसर है। इस शिखर सम्मेलन में कंटेंट के सृजन, वित्तपोषण, नीतिगत चर्चा और उभरती प्रौद्योगिकियों के मामले किया जाने वाला समन्वय इसे मनोरंजन के भविष्य का एक लॉन्चपैड बनाता है। शिखर सम्मेलन की महत्वाकांक्षा प्रतिभा को प्रदर्शित करने से आगे बढ़कर वैश्विक मीडिया संवाद के जरिए अंतरराष्टीय सहयोग को बढ़ावा देने तक फैली हुई है। इस कूटनीतिक पहल का उद्देश्य वास्तव में ऐसा वैश्विक इकोसिस्टम बनाना है जो भारत के नेतृत्व में विभिन्न देशों के रचनाकारों और उद्योग के हितधारकों को जोड़े। वैश्विक मीडिया संवाद ऐतिहासिक वेव्स घोषणा 2025 में परिणत होगा ङ्क जो वैश्विक मीडिया एवं मनोरंजन जगत के लिए एक ऐसा दूरदर्शी रोडमैप पेश करेगा जिससे मनोरंजन के एक स्थायी वैश्विक मंच की नींव रखा जाना संभव होगा। यह घोषणा मनोरंजन उद्योग की महत्वपूर्ण प्रवृत्तियों एवं चुनौतियों पर ध्यान देगी और एक ऐसे समावेशी ढांचे का प्रस्ताव करेगी, जो दुनिया भर के रचनाकारों को लाभान्वित करेगी। वेव्स की सबसे महत्वपूर्ण पहलों में से एक है 'वेवएक्सेलरेटर'। यह एक स्टार्टअप इनक्यूबेटर है, जिसे खास तौर पर रचनात्मक उद्यमियों के लिए डिज़ाइन किया गया है। एआई द्वारा सृजित कंटेंट, संवादात्मक मीडिया और वर्चुअल प्रोडक्शन के उदय के साथ, व्यवस्थित मार्गदर्शन (मेंटरशिप), वित्तपोषण (फंडिंग) और बाजार की सुलभता (मार्केट एक्सेस) की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। 'वेवएक्सेलरेटर' यह सुनिश्चित करता है कि भारत न केवल कहानी कहने की अत्याधुनिक कला को बढ़ावा दे बल्कि ऐसे व्यवसाय भी खड़े करे जो अगले दशक के मनोरंजन को परिभाषित करेंगे।

## सब तहस नहस का अभियान

हरिशंकर व्यास

लंबे समय तक भारत की विकास गाथा महाराष्ट्र की विकास गाथा रही है। लेकिन आज जिस तरह से भारत गाथा यानी इंडिया स्टोरी दिशाहीन दिख रही है वैसे ही महाराष्ट्र की भी दिख रही है। फर्क यह है कि जहां तक भारत गाथा के दिशाहीन होने का सवाल है तो वह गलत नीतियों और नासमझी से है लेकिन महाराष्ट्र के दिशाहीन होने के पीछे एक सुविचारित योजना दिख रही है। ऐसा लग रहा है कि योजनाबद्ध तरीके से महाराष्ट्र की राजनीति, समाज व्यवस्था और अर्थव्यवस्था को अस्थिर करने का प्रयास हो रहा है। पिछले एक दशक से कुछ ज्यादा समय में महाराष्ट्र में जो कुछ भी हुआ है या हो रहा है उसकी लाभार्थी भाजपा है और पड़ोसी राज्य गुजरात है। आने वाले दिनों में भी अगर महाराष्ट्र में अस्थिरता और तनाव बना रहता है तो उसका लाभ गुजरात को ही मिलेगा। महाराष्ट्र को किस तरह से दिशाहीन और अस्थिर किया गया है इसकी कई मिसालें हैं। शुरुआत मौजूदा सांप्रदायिक विवाद से कर सकते हैं। यह अनायास नहीं हुआ है कि समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी ने औरंगजेब का मुद्दा छेड़ दिया। जिस समय उन्होंने औरंगजेब को दयालु और अच्छा शासक बताया उस समय महाराष्ट्र विधानसभा का सत्र चल रहा था। सरकार बीड के एक लोकप्रिय सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले में घिरी थी। उस मामले में राज्य सरकार के तत्कालीन मंत्री धनंजय मुंडे के करीबी सहयोगियों के शामिल होने की खबरें सामने आ चुकी थीं। उस घटना के भयावह वीडियो और तस्वीरें भी सामने आईं, जिनकी वजह से मुंडे को इस्तीफा देना पड़ा। तब कहा गया कि विधानसभा में बीड की हत्या और मुंडे के मसले पर ज्यादा विवाद न हो इसलिए औरंगजेब का मुद्दा उठवा दिया गया। औरंगजेब का मुद्दा उठने के बाद दो दिन तक सदन में उसकी चर्चा होती रही। फिर अबू आजमी पर मुकदमा हुआ और उनकी माफी हुई।

## ट्रम्प प्रशासन द्वारा टैरिफ सम्बंधी लिए जा रहे निर्णयों का भारत पर प्रभाव

अमेरिका में दिनांक 20 जनवरी 2025 को नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा ली गई शपथ के उपरांत ट्रम्प प्रशासन आर्थिक एवं अन्य क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण फैसले बहुत तेज गति से ले रहा है। इससे विश्व के कई देश प्रभावित हो रहे हैं एवं कई देशों को तो यह भी समझ में नहीं आ रहा है कि अंतत: आगे आने वाले समय में इन फैसलों का प्रभाव इन देशों पर किस प्रकार होगा।

ट्रम्प प्रशासन अमेरिका में विभिन्न उत्पादों के हो रहे आयात पर टैरिफ की दरों को बढ़ा रहा है क्योंकि इन देशों द्वारा अमेरिका से आयात पर ये देश अधिक मात्रा में टैरिफ लगाते हैं। चीन, कनाडा एवं मेक्सिको से अमेरिका में होने वाले विभिन्न उत्पादों के आयात पर तो टैरिफ को बढ़ा भी दिया गया है। इसी प्रकार भारत के मामले में भी ट्रम्प प्रशासन का मानना है कि भारत, अमेरिका से आयातित कुछ उत्पादों पर 100 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाता है अत: अमेरिका भी भारत से आयात किए जा रहे कुछ उत्पादों पर 100 प्रतिशत का टैरिफ लगाएगा। इस संदर्भ में हालांकि केवल भारत का नाम नहीं लिया गया है बल्कि टिट फोर टेट एवं रेसिप्रोकल आधार पर कर लगाने की बात की जा रही है और यह समस्त देशों से अमेरिका में हो रहे आयात पर लागू किया जा सकता है एवं इसके लागू होने की दिनांक भी 2 अप्रेल 2025 तय कर दी गई है। इस प्रकार की नित नई घोषणाओं का असर अमेरिका सहित विभिन्न देशों के पूंजी (शेयर) बाजार पर स्पष्टत: दिखाई दे रहा है एवं शेयर बाजारों में डर का माहौल बन गया है।

अमेरिका में उपभोक्ता आधारित उत्पादों का आयात अधिक मात्रा में होता है और अब अमेरिका चाहता है कि इन उत्पादों का उत्पादन अमेरिका में ही प्रारम्भ हो ताकि इन उत्पादों का अमेरिका में आयात कम हो सके। दक्षिण कोरीया, जापान, कनाडा, मेक्सिको आदि जैसे देशों की अर्थव्यवस्था केवल कुछ क्षेत्रों पर ही टिकी हुई है अत: इन देशों पर अमेरिका में बदल रही नीतियों का अधिक विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। जबकि भारत एक विविध प्रकार की बहुत बड़ी अर्थव्यवस्था है, अत: भारत को कुछ क्षेत्रों में यदि नुक्सान होगा तो कुछ क्षेत्रों में लाभ भी होने की प्रबल सम्भावना है। संभवत- अमेरिका ने भी अब यह एक तरह से स्वीकार कर लिया है कि भारत के कृषि क्षेत्र को टैरिफ युद्ध से बाहर रखा जा सकता है, क्योंकि भारत के किसानों पर इसका प्रभाव विपरीत रूप से पड़ता है। और, भारत यह किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगा कि भारत के किसानों को नुक्सान हो। डेरी उत्पाद एवं समुद्रीय उत्पादों में भी आवश्यक खाने पीने की वस्तुएं शामिल हैं। भारत अपने देश में इन उत्पादों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए उद्देश्य से इन उत्पादों के आयात पर टैरिफ लगाता है, ताकि अन्य देश सस्ते दामों पर इन उत्पादों को भारत के बाजार में डम्प नहीं कर सकें। साथ ही, भारत में मिडल क्लास की मात्रा में वृद्धि अभी हाल के कुछ वर्षों में प्रारम्भ हुई है अत: यह वर्ग देश में उत्पादित सस्ती वस्तुओं पर अधिक निर्भर है, यदि इन्हें आयातित महंगी वस्तुएं उपलब्ध कराई जाती हैं तो वह इन्हें सहन नहीं कर सकता है।

## बांके बिहारी मंदिर में नहीं की जाती है मंगला आरती, जानिए मंदिर से जुड़ा अनोखा सच

वृंदावन का बांके बिहारी मंदिर भक्तों के लिए बेहद खास है। यहां पर हर रोज भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिलती है। वैसे तो इस मंदिर को लेकर कई रहस्य हैं, लेकिन इस मंदिर से जुड़ा एक अनोखा सच आपको सोचने पर मजबूर कर देगा। आज हम आपको बांके बिहारी मंदिर में होने वाली मंगला आरती के बारे में बताने जा रहे हैं, जो इस मंदिर में नहीं होती है। वैसे तो हर मंदिर में मंगला आरती होती है, लेकिन बांके बिहारी मंदिर में रोजाना सुबह मंगला आरती का आयोजन नहीं होता। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि बांके बिहारी मंदिर में मंगला आरती क्यों नहीं होती है।

पौराणिक कथा के अनुसार, बांके बिहारी मंदिर रोज मंगला आरती नहीं होती है। क्योंकि रात के समय ठाकुर जी निधिवन में गोपियों संग रास रचने के लिए जाते हैं। फिर वह रात के तीसरे पहर में ठाकुर जी मंदिर पहुंचते हैं। इस मंदिर में ठाकुर जी की बाल रूप में सेवा होती है। इसी वजह से उनको सुबह देर से उठाया जाता है। बांके बिहारी मंदिर में आरती की शुरुआत ठाकुर जी का श्रृंगार करके श्रृंगार आरती से होती है।

## छावा विवाद से किसका नफा, किसका नुकसान

नागपुर के दंगों को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने जो कहा है, उसे लेकर भी विवाद हो रहा है। फड़णवीस ने कहा है कि छावा फिल्म को लेकर मुस्लिम समुदाय में गुस्सा था। वैसे नागपुर में अफवाह फैलाई गई कि कुरान को जलाया जा रहा है।

विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना अभिनीत फिल्म 'छावा' फिल्म के चलते मुगल बादशाह औरंगजेब इन दिनों चर्चा में है। औरंगजेब भी चर्चा में तब आया, जब मुंबई के एक विधायक अबू आजमी ने उसकी प्रशंसा कर दी। इसके बाद विवाद इतना बढ़ा कि महाराष्ट्र से लेकर देश की राजनीति सुलगने लगी। वामपंथी और राष्ट्रवादीय ऐतिहासिक दृष्टि तो पहले से ही औरंगजेब को लेकर बंटी हुई है, ऐसे में राजनीति नहीं बंटती तो हैरत ही होती। राजनीति के इस बंटवारे पर निगाह जमाए बैठी भारत विरोधी ताकतों को मौका मिला और नागपुर में दंगा फैल गया। अब दंगे की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, पता चल रहा है कि औरंगजेब को लेकर जैसे-जैसे विवाद बढ़ा, धार्मिक आधार पर वैचारिक ध्रुवीकरण बढ़ा। इसने सामाजिक समरसता के पथ के नीचे जैसे बारूद बिछा दी। इस बारूद के इंतजार में बैठी भारत विरोधी ताकतों को मौका माकूल लगा और उन्होंने अफवाह की माचिस धीरे से जलाकर बारूद के ढेर पर फेंक दी। नागपुर के दंगों में बांग्लादेशी कनेक्शन के संकेत तो यही हैं।

समाजशास्त्री और चुनाव शास्त्री मानते हैं कि धार्मिक ध्रुवीकरण का फायदा राजनीति के उस हिस्से को होता है, जो मध्यमार्गी नहीं होती। उन्हें इसमें एक और तथ्य भी जोड़ देना चाहिए कि ध्रुवीकरण का फायदा राष्ट्रविरोधी ताकतों को भी मिलता है। तीन सौ साल पुराने शहर नागपुर का दंगों की आग में झुलसना तो यही बताता है। यह भी ध्यान देने की बात है कि नागपुर में अब तक कभी दंगा नहीं हुआ। बाबरी ध्वंस के बाद महाराष्ट्र के कई इलाके जब सुलग रहे थे, तब भी नागपुर शांत था। लेकिन औरंगजेब के चरित्र पर जब 'छावा' फिल्म ने सवाल उठाए तो नागपुर जल उठा। 'औरंगजेब महान था या क्रूर, इसे लेकर इतिहासकार कभी एकमत नहीं हो सकते। वैसे इतिहास लेखन की जो नई धाराएं हैं, उनमें किसी भी ऐतिहासिक शख्सियत का सम्यक मूल्यांकन नहीं होता। बल्कि इतिहासकार अपने-अपने वैचारिक खेमे के लिहाज से अपनी सरपरस्त राजनीतिक धारा को फायदा पहुंचाने को लेकर ऐतिहासिक चरित्रों को पेश करता है। औरंगजेब के चरित्र को लेकर लिखे गए इतिहास की भी यही कहानी है। यह बताने की जरूरत नहीं कि औरंगजेब को वामपंथी इतिहासकार महान शासक बताते रहे हैं।

## भगवान श्रीविष्णु की शक्ति से ही संचालित है संपूर्ण विश्व

यह संपूर्ण विश्व भगवान श्रीविष्णु की शक्ति से ही संचालित है। वे निर्गुण भी हैं और सगुण भी। वे अपने चार हाथों में क्रमश: शंख, चक्र, गदा और पद्म धारण करते हैं। जो भी किरीट और कुण्डलों से विभूषित, पीताम्बरधारी, वनमाला तथा कौस्तुभमणि को धारण करने वाले, सुंदर कमलों के समान नेत्र वाले भगवान श्रीविष्णु का ध्यान करता है वह भव बन्धन से मुक्त हो जाता है।

भक्तिपूर्वक देवदेव विष्णु की एक बार प्रदक्षिणा करने वाला व्यक्ति सारी पृथ्वी की परिक्रमा करने का फल प्राप्त करके बैकुण्ठ धाम में निवास करता है। जिसने कभी भक्ति भाव से भगवान लक्ष्मीपति को नमस्कार किया है, उसने अनायास ही धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष रूप फल प्राप्त कर लिया। जो स्तोत्र और जप के द्वारा मधुसूदन की उनके समक्ष होकर स्तुति करता है, वह समस्त पापों से मुक्त होकर विष्णुलोक में पूजित होता है। जो भगवान के मंदिर में शंख, तुरही आदि बाजों के शब्द से युक्त गाना-बजाना और नाटक करता है, वह मनुष्य विष्णुधाम को प्राप्त होता है। विशेषत: पर्व के समय उक्त उत्सव करने से मनुष्य कामरूप होकर संपूर्ण कामनाओं को प्राप्त होता है। पद्मपुराण में वर्णन मिलता है कि भगवान श्रीविष्णु ही परमार्थ तत्व हैं। वे ही ब्रह्मा और शिव सहित सृष्टि के आदि कारण हैं।

# साहू समाज की आराध्य भक्त शिरोमणी माँ कर्मा देवी



### माँ कर्मा की 1000वीं जयंती पर विशेष

साहू समाज की आराध्य भक्त शिरोमणी माँ कर्मा की जयंतिया सम्पूर्ण देश में बहुत ही श्रद्धा व हर्षो उल्लास के साथ मनाई जाती है। इस वर्ष उनकी 1000वीं जयन्ती पर उनकी प्रभु भक्ति व समाज को गौरांवित करने वाले चमत्कारों का उल्लेख कर उन्हें प्रणाम कर रहे है।

**कर्मा कर्म प्रबोधनी भक्तिमती सुख मूल,**
**अनुराग के फूल की, माता करें कबूल । कीर्ति कलश अवधारिणी, धवल प्रेम आयाम,**
**कांति-शन्ति की प्रणयनी, माता तुम्हे प्रणाम ।।**

भक्त और भगवान का अनोखा नाता है। इस पावन नाते में इतना आकर्षण है कि तीनों लोकों के अधिपति भी भक्त की आराधना से खिचे चले आते है। भक्त प्रहलाद, बालक ध्रुव, मीराबाई, सूरदास जी समेत अन्य भक्तों ने भी अपनी त्याग तपस्या के बल पर भक्ति की इस शक्ति को सिद्ध किया है। माँ कर्मा देवी भी इन्हीं में से एक है जिन्होंने अपनी भक्ति के तपोवल का उपयोग जगत कल्याण के लिए किया व प्रभु दर्शन कर जनमानस के लिये प्रभु भक्ति का मार्ग प्रशस्त किया। समस्त साहू समाज उनके कृतित्व से कृत कृत्य हुआ।

साहू समाज को पहचान देने वाली भक्त शिरोमणी माँ कर्मा तो आदि शक्ति का रूप थी उन्होंने मानव तन धारण कर साहू समाज में जन्म लिया और साहू समाज में आये कठिन संकट हाथी की खुजली को मिटाने के लिए तेल कुंड को भरकर साहू जाति का उद्धार किया जो मानव सार्मथ्य से बाहर था। उनकी भक्ति में इतना वात्सल्य था कि भगवान श्री जगदीश स्वामी को जगन्नाथ पुरी मंदिर से बाहर आकर बाल रूप में माँ कर्मा की खिचड़ी का भोग ग्रहण करना पड़ा व जगन्नाथपुरी में प्रभु को माँ कर्मा की खिचड़ी को ही प्रथम भोग के रूप में भी स्वीकार करना पड़ा। माँ कर्मा की भक्ति से प्रभावित होकर राजस्थान के प्रसिद्ध संत श्री गोस्वामी नाभा जी ने सन् 1614 ई.वी. में भक्त माल ग्रंथ में 246 टीका कवित्त 597 में माँ कर्मा देवी के जीवन चरित्र को दर्शाया है। जन्म, विवाह, भक्ति, भविष्य का चित्रण अपने ज्योतिष विद्या के अनुसार बिल्कुल सही प्रकट किया था कि-

कर्मा माई की कथा अब वर्णो चितलाय ।
अवलों जासु प्रभाव जग सुनहुं संत समुदाय ।।

माँ कर्मा के जीवन चरित्र पर सरल कवित, दोहा, चौपाई, छंद, सोरठा, छप्पय,

आल्हा, कर्मा चलीसा, कर्मा पच्चासा आदि अनेक लेखों के माध्यम से भी लिखा जा चुका है।

अखिल भारतीय साहू समाज की गौरवगाथा भक्त शिरोमणी माँ कर्मा की कृपा व उनकी प्रेरणा से जुड़ी है। बताया जाता है कि लगभग एक हजार वर्ष पूर्व उत्तर प्रदेश झांसी के श्री रामशाह के घर चैत्र मास कृष्ण पक्ष एकादशी संवत् 1073 ई. को एक बहुत ही सुन्दर कन्या ने जन्म लिया। उस समय विद्ववानों ने बताया कि यह कन्या बहु ही गुणवान व भगवान की उपासक रहेगी। अत: इसका नाम कर्मा बाई रखा जाये। कर्मा ज्यों-ज्यों बड़ी हुई त्यों-त्यों उनकी भगवान कृष्ण के प्रति आस्था बढ़ती गई। चन्द्रमा की सोलह कलाओं की तरह कर्मा बाई उम्र की सीढ़ी देखते ही देखते पार कर गयी। कर्मा बाई विवाह योग्य हो जाने पर उनका विवाह नरबरगढ़ के प्रतिष्ठित तैल व्यवसायी श्री धर्मदास जी से कर दिया गया। विवाह के उपरांत कर्मा बाई सुख चैन से रहने लगी। पति सेवा के पश्चात् जितना भी समय मिलता वह भगवान श्री कृष्ण के पूजन अर्चन में लगाती थी। प्रतिदिन भगवान श्री कृष्ण को प्रात: खिचड़ी का भोग लगाया करती इतना अवश्य ध्यान रखती कि प्रभु को भोग लगाने में कहीं देर न हो जाये। इसके लिए कभी-कभी तो बिना स्नान चौका व रीति सदाचार पर ध्यान दिये बिना ही खिचड़ी का भोग बनाकर बहुत ही श्रद्धा से भोग अर्पण करती थीं।

साँची नीति करें प्रभुमाही रीति दिवस बिखरे सुधि नाहीं ।
कब में रूचि - रूचि भोग लगाऊँ कब लालाहिं मैं भोग लगाऊं ।।

एक बार झाँसी नरबरगढ़ के राजा के हाथी को असाध्य खुजली का रोग हो गया। राज वैद्यो के उपचार के बाद भी हाथी का रोग ठीक नहीं हुआ। तब किसी ने राजा को सलाह दी कि कुंड पर तेल में हाथी को नहलाया जाये तो उसकी खुजली मिट सकती है। उस समय साहू लोग तेल का व्यवसाय करते थे। अत: राजा ने नरबरगढ़ के सभी तेल व्यवसायियों को तेल से कुंड भरने का आदेश दिया। तेल व्यवसायियों ने राजा के आदेश का पालन करते हुये तेल कुंड को भरने के लिए रोज कुंड में तेल डालना शुरू किया लेकिन तेल का कुंड भरना इतना आसान नहीं था, तेल व्यवसायियों का सारा तेल खत्म हो गया लेकिन कुंड नहीं भरा तब एक माह के पश्चात सभी तेल व्यवसायियों ने माँ कर्मा से प्रार्थना की-हे माँ तेलियों (साहू) पर आयी विपदा को दूर करो। माँ कर्मा भगवान कृष्ण की अन्ययन भक्त थी उन्होंने अपने साहू समाज पर आय विपदा को दूर करने के लिए भगवान कृष्ण को अर्न्तध्यान होकर पुकारा तब माँ कर्मा के कानों में भगवान कृष्ण की वाणी सुनाई दी-

यदा यदा ही धर्मस्यग्लानिभवति भारत:,
अभ्युत्थानं धर्मस्य तदात्मानं सृजाम्हम्। परित्राणाम् साधूनां विनाशाय च दुष्क्रताम्,

व अपने समाज की आराध्य देवी भक्त शिरोमणी माँ कर्मा के त्याग तपस्या और जनकल्याण का यशगान करते हुये सभी गर्व करते है कि हम उस माँ कर्मा देवी की सन्तान है।

भक्ति की शक्ति माँ कर्मा, कृष्ण नाम लय लीन ।
समाज को गौरव दे गई, हमें करे भय हीन ।।

आज पूरे भारत में तैलिक जाति की आबादी लगभग 12 से 23 करोड़ है जो लगभग 850 उप जातियों के नाम से देश के कोने-कोने में निवासरत् है। इसके साथ ही हजारों वर्ष पूर्व भी देश में तैलिक जाति का गौरवशाली इतिहास रहा। कई राज्यों में तैली (साहू) जाति के राजाओं ने राज्य किया है जिनका इतिहास समाज साहित्यों में भरा पड़ा है। आज भी देश में साहू जाति के लोग उच्च पदों पर मौजूद है। सामाजिक, साहित्यिक, उच्च शिक्षा, आर्थिक, औद्योगिक व राजनैतिक क्षेत्रों में अग्रणी हैं। वर्तमान में देश के प्रधान मंत्री के रूप में श्री नरेन्द्र मोदी जी, मुख्यमंत्री के रूप में श्री रघुवरदास जी (झारखण्ड) व अनेक जिलों में सांसद, महापौर, विधायक, पार्षद, न्यायाधीश, पंच, सरपंच आदि मौजूद है। जो समाज का गौरव बढ़ा रहे हैं। हम सब माँ कर्मा के ऋणी है। समाज की यह गरिमा और गौरव हमेशा बरकरार रहे यही कामना माँ कर्मा देवी से करते है।




**राजेन्द्र साहू पत्रकार**
**संपादक**
**साहू विचार संदेश**
**1058, दक्षिण मिलौनीगंज, जबलपुर**
**मो.नं. 9039031296, 9179758266**


## -:: आज का राशिफल ::-



**मेष**-अपने काम करने के तरीकों में बदलाव लाना आवश्यक है। वैवाहिक जीवन में चल रहे तनाव समाप्त होंगे। पैतृक संपत्ति से संबंधित चल रहे विवाद आपसी सामंजस्य से ही हल होंगे।

**वृषभ**- जीवन में मिले धोखे आज कठोर निर्णय लेने पर मजबूर करेंगे। प्रेम प्रसंग में चल रहे तनाव बढ़ सकते हैं। दूसरों के निजी कार्यों में दखल न दें। आर्थिक स्थिति सुधरेगी, यात्रा सुखद रहेगी।

**मिथुन**-अपने बल पर आगे बढ़ेंगे। अपनी निंदा से घबराएं नहीं मेहनत करें और आगे बढ़ें। धार्मिक आस्था बढ़ेगी, पेट से संबंधित पीड़ा रहेगी। कार्यस्थल पर अधिकारियों से व्यवहार मधुर होंगे।

**कर्क**-आर्थिक समस्या का समाधान होगा। संपत्ति से संबंधित मामलों में सतर्क रहें, जल्द किसी पर विश्वास ना करें। करियर में उन्नति के नए मार्ग स्थापित होंगे, धार्मिक आस्था बढ़ेगी।

**सिंह**-दिनचर्या में आए बदलाव से जरूरी कार्य लंबित रहेंगे, धार्मिक आयोजनों में शामिल होंगे। परिजनों से विवाद समाप्त होगा। प्रेम प्रसंग में सफलता मिलेगी। आवास निवास संबंधी समस्या का समाधान होगा।

**कन्या**-व्यापार में लाभ होगा। तेल तिलहन के कार्य से जुड़े व्यापारियों के लिए समय शुभ है। नए राजनीतिक संबंध स्थापित होंगे जो लाभकारी साबित होंगे। संतान के करियर में आ रही बाधा दूर होगी।

**तुला**- व्यावसायिक गतिविधियां बढेंगी। धार्मिक आस्था में वृद्धि होगी, कर्मचारियों का सहयोग आगे बढ़ने में सहायक होगा। संतान के व्यवहार से नाखुश रहेंगे। बहनों के व्यवहार से नाराज रहेंगे।

**वृश्चिक**-समय रहते निजी कार्य पूरे करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें, धन संपत्ति के मामलों में सतर्क रहें। भविष्य को लेकर चिंतित रहेंगे। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। नौकरी में तबादले के योग बन रहे हैं।

**धनु**-आपको अपने व्यवहार को दुरुस्त करने की आवश्यकता है। कम बोलें अच्छा बोलें, क्रोध की अधिकता से बने काम बिगड़ सकते हैं। भाइयों के व्यवहार से नाखुश रहेंगे, संपत्ति से संबंधित कानूनी विवाद आपसी समझौते से ही हल होंगे।

**मकर**-मन अशांत रहेगा। पारिवारिक संपत्ति के विवाद यथावत रहेंगे, संतान के दांपत्य में चल रहे विवाद से परेशान रहेंगे। यात्रा के योग बन रहे हैं, कार्यस्थल पर लोगों के सहयोगी व्यवहार से कार्य पूरे होंगे।

**कुंभ**-दिन शुभ है। रूके कार्य पूरे होंगे, पारिवारिक आपसी विवाद खत्म होंगे। स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें, मित्रों के साथ मनोरंजन में समय व्यतीत होगा।

**मीन**- समय की अनुकूलता का आभास होगा। धार्मिक आस्था बढ़ेगी। वाहन सुख संभव है। कर्मचारी के सहयोग से कार्य पूरे होंगे।



कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के संविधान पर कथित बयान को लेकर संसद में आज हंगामा देखने को मिला। भाजपा इसी बहाने कांग्रेस और राहुल गांधी पर जमकर निशाना साध रही है। इसी कड़ी में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि देश का इस्लामीकरण करने का प्रयास किया जा रहा है। राहुल गांधी को देश से माफी मांगनी चाहिए और डीके शिवकुमार को बर्खास्त किया जाना चाहिए। भाजपा नेता प्रदीप भंडारी ने कहा कि हम इन तुष्टीकरण करने वालों को देश का संविधान बदलने नहीं देंगे।



# औरंगजेब भारत के लोगों का आइकॉन नहीं हो सकताः संघ

बेंगलुरू (आरएनएस)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (क्र्स्) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने आज कहा कि क्या औरंगजेब भारत के लोगों के लिए आइकॉन हो सकता है। औरंगजेब ने जो किया इसके लिए उसको आइकॉन नहीं मानना चाहिए। देश का आइकॉन कोई बाहरी होगा या फिर कोई और। इस पर चिंतन की जरूरत है। आज क्र्स् की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की तीन दिवसीय बैठक का आखिरी दिन है। प्रेस कांफ्रेंस में होसबाले ने कर्नाटक में सरकारी कॉन्ट्रैक्ट में 4त्न मुस्लिम आरक्षण पर भी सवाल उठाया।

उन्होंने कहा- डॉ. भीमराव अंबेडकर के लिखित संविधान में धर्म आधारित आरक्षण स्वीकार नहीं किया गया है। जो लोग गंगा जमुनी तहज़ीब की बात करते हैं उनको ये सोचना चहिए की वो अपना आइकॉन औरंगजेब को मानते हैं या दारा शिकोह को? स्वतंत्रता की लड़ाई सिर्फ अंग्रेज़ों से बस नहीं लड़ी गई, शिवाजी और महाराणा प्रताप ने भी मुगलों से स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी थी. वो भी स्वतंत्रता संग्राम था. देश के लोगों को तय करना है की उनको अपना आइकॉन औरंगजेब को मानते हैं या दारा शिकोह को?

**औरंगजेब की कब्र पर ताला लगाने निकले बलराजे आवारे को पुलिस ने लिया हिरासत में**

संभाजीनगर (आरएनएस)। महाराष्ट्र में औरंगजेब की कब्र हटाने को लेकर विवाद चल रहा है। इस बीच छत्रपति संभाजीराजे शौर्य प्रतिष्ठान ने औरंगजेब की कब्र पर ताला लगाने की चेतावनी दी।

इसके बाद बालराजे आवारे मुंबई से खुल्दाबाद में औरंगजेब की कब्र पर ताला लगाने के इरादे से निकले थे। हालांकि, पुलिस ने उन्हें समृद्धि राजमार्ग पर अजंता इंटरचेंज के पास रोक दिया और छत्रपति संभाजी नगर जिले से बाहर भेज दिया।

पुलिस ने उन्हें नोटिस भी जारी किया, इसके बावजूद आवारे छत्रपति संभाजी नगर शहर की सड़कों पर घूमते नजर आए। पुलिस ने उन्हें कार से उतारा और हिरासत में ले लिया। बालराजे आवारे ने कहा कि हम कब्र पर ताला लगाकर ही रहेंगे, जिससे उनकी मंशा साफ हो गई।

इस बीच, प्रशासन ने कब्र की सुरक्षा और बढ़ा दी है। अब कब्र के चारों ओर सुरक्षा दीवार पर कंटीले तार लगा दिए गए हैं, ताकि कोई अनधिकृत व्यक्ति वहां न पहुंच सके। पुलिस और प्रशासन ने इस मामले में किसी भी तरह की अशांति को रोकने की पूरी तैयारी की है।

बता दें कि महाराष्ट्र में पिछले कुछ दिनों से औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग जोर पकड़ रही है। इस मांग को लेकर पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। नागपुर में भी विरोध प्रदर्शन के बाद हिंसा हो गई थी।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा था कि नागपुर हिंसा में हुए नुकसान की भरपाई दंगाइयों से कराई जाएगी और अगर वे भुगतान नहीं करते, तो उनकी संपत्ति जब्त कर बेची जाएगी।

सीएम फडणवीस ने जानकारी दी थी कि हिंसा में शामिल 104 लोगों को पकड़ा गया है, इनमें से 92 गिरफ्तार किए गए हैं, जबकि शेष नाबालिग हैं। दंगाइयों की पहचान सीसीटीवी फुटेज और वीडियो रिकॉर्डिंग के जरिए की जा रही है और अंतिम आरोपी की गिरफ्तारी तक कार्रवाई जारी रहेगी।

उन्होंने कहा था कि हिंसा औरंगजेब की प्रतीकात्मक कब्र जलाने के बाद फैली। इसके बाद सोशल मीडिया पर अफवाहें फैलाई गईं कि एक चादर जलाई गई थी, जिस पर कुरान की आयतें लिखी थीं, लेकिन यह पूरी तरह झूठ था। उन्होंने ऐलान किया था कि सोशल मीडिया पर अफवाहें फैलाने वालों को भी आरोपी बनाया जाएगा। इसके साथ ही बांग्लादेशी कनेक्शन की जांच भी की जाएगी, हालांकि इस पर फिलहाल कुछ कहना जल्दबाजी होगी।

**पादरी ने महिला को मारे थप्पड़, यौन उत्पीड़न के भी लग चुके हैं आरोप**

जालंधर (आरएनएस)। गांव ताजपुर में 'द चर्च ऑफ ग्लोरी एंड विस्डम' के पादरी बजिंदर सिंह एक बार फिर विवादों में घिरते नजर आ रहे हैं। बजिंदर सिंह द्वारा कथित रूप से एक महिला के साथ यौन उत्पीड़न का मामला अभी शांत नहीं हुआ था कि उनके द्वारा महिला के सथ मारपीट की सीसीटीवी फुटेज सामने आई है। जो चर्चा का विषय बनी हुई है। पादरी का ये कथित वीडियो चंडीगढ़ का बताया जा रहा है। सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के जंतर-मंतर पर एनईपी 2020, यूजीसी ड्राफ्ट नियमों और पेपर लीक के खिलाफ भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) के छात्रों द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। छात्रों को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) भारतीय शिक्षा प्रणाली को नष्ट करने का प्रयास कर रहा है। गांधी ने कहा कि देखिए, एक संगठन भारतीय शिक्षा प्रणाली को नष्ट करने की कोशिश कर रहा है, और वह संगठन आरएसएस है। अगर हमारी शिक्षा प्रणाली उनके हाथों में चली गई, तो देश नष्ट हो जाएगा, और रोजगार खत्म हो जाएगा।



प्रदर्शनकारी किसानों पर पंजाब पुलिस की कार्रवाई पर निशाना साधते हुए संयुक्त किसान मोर्चा की राष्ट्रीय समन्वय समिति ने पूरे भारत के किसानों से 28 मार्च को देश भर में प्रदर्शन करने का आह्वान किया है।

# सीएम फडणवीस का ऐलान - त्र्यंबकेश्वर में कुंभ मेले से पहले विकास कार्य होंगे पूरे

नासिक (आरएनएस)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को त्र्यंबकेश्वर और नासिक में 2027 के सिंहस्थ कुंभ मेले की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि समय पर सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी और इस काम में धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी।

फडणवीस ने कहा कि त्र्यंबकेश्वर मंदिर और आसपास के इलाके के विकास के लिए योजना तैयार की गई है। इससे पहले उन्होंने त्र्यंबकेश्वर मंदिर में दर्शन किए और कुशावर्त तीर्थ का निरीक्षण किया।

उन्होंने बताया कि कुंभ मेले के लिए कॉरिडोर, पार्किंग, शौचालय, मंदिर और तालाबों की मरम्मत जैसे काम किए जाएंगे। साथ ही ब्रह्मगिरि क्षेत्र में प्राकृतिक रास्ते बनाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने पानी की शुद्धता पर जोर देते हुए कहा कि इसके लिए एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) नेटवर्क की योजना बनाई गई है। उन्होंने वादा किया कि कुंभ मेले से पहले सभी काम पूरे होंगे।

फडणवीस ने कहा, इसके लिए बड़ी रकम चाहिए होगी, लेकिन राज्य सरकार धन की कमी नहीं आने देगी। हम जरूरी फंड मुहैया कराएंगे।

उनका कहना था कि देश भर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी। उन्होंने उत्तर प्रदेश के कुंभ मेले की तर्ज पर महाराष्ट्र में भी कानून बनाने की बात कही।

उन्होंने बताया कि कुंभ मेला प्राधिकरण का गठन होगा, ताकि तैयारियों के लिए मजबूत कानूनी ढांचा तैयार हो सके।

संतों की इस मांग पर कि वह स्वयं कुंभ मेले की जिम्मेदारी लें, फडणवीस ने कहा, मुख्यमंत्री के नाते यह मेरी जिम्मेदारी है। हम उत्तर प्रदेश की तरह ही कानून बनाकर काम करेंगे। इससे कुंभ मेले का आयोजन व्यवस्थित और भव्य होगा।

कुशावर्त तीर्थ के पानी की खराब स्थिति पर नाराजगी जताते हुए फडणवीस ने कहा कि उन्होंने विशेषज्ञों की टीम से जांच कराई थी। विशेषज्ञों ने पानी साफ करने के उपाय सुझाए हैं, जिनमें से कुछ पर फैसला लिया जा रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सबसे अच्छा विकल्प चुनकर तुरंत कार्रवाई होगी।

मुख्यमंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कई बड़े ऐलान किए। उन्होंने केंद्र सरकार का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि प्याज पर लगी 20 फीसद निर्यात शुल्क को हटा लिया गया है। यह फैसला शनिवार को लिया गया, जिससे प्याज किसानों को फायदा होगा। फडणवीस ने कहा कि इससे किसानों की आय बढ़ेगी और बाजार में राहत मिलेगी।

उन्होंने 2027 में नासिक और त्र्यंबकेश्वर में होने वाले सिंहस्थ कुंभ मेले की तैयारियों के बारे में बताया कि इसके लिए कई बैठकें हो रही हैं और हर तरह की व्यवस्था की जा रही है। त्र्यंबकेश्वर के विकास के लिए 1,100 करोड़ रुपये का प्लान तैयार किया गया है। इसके तहत मंदिर क्षेत्र में सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी, जैसे पार्किंग, शौचालय, रास्ते और पानी की व्यवस्था। उन्होंने कहा, हम इस काम को दो हिस्सों में करेंगे। पहला चरण 2027 तक और दूसरा 2028-29 तक पूरा होगा।

## जस्टिस यशवंत वर्मा के घर के अंदर का वीडियो स्ष्ट ने किया जारी, 4-5 बोरियों में थे अधजले नोट

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली हाईकोर्ट के जज जस्टिस वर्मा के घर के अंदर की पहली तस्वीर सामने आ गई है। तस्वीरों में जले हुए नोट साफ दिख रहे हैं। जस्टिस यशवंत वर्मा के घर मिले कैश को लेकर जांच के लिए कमेटी गठित कर दी गई है। लेकिन उससे पहले उनके घर के अंदर की पहली तस्वीर सामने आ गई है। तस्वीरों को सुप्रीम कोर्ट ने अपनी वेबसाइट पर जारी किया है। इसके साथ जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है, 'जिस कमरे में आग लगी थी वहां आग के काबू में आने के बाद, 4-5 अधजली बोरियां मिली हैं, जिनके अंदर भारतीय मुद्रा भरे होने के अवशेष मिले हैं। साथ ही इस मामले से जुड़ी दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की रिपोर्ट सार्वजनिक हो गई है और इसके साथ ही ?जस्टिस वर्मा का जवाब भी सार्वजनिक कर दिया गया है। मामले से जुड़े दस्तावेज भी वेबसाइट पर डाले गए हैं। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है, 'सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस ने दिल्ली हाईकोर्ट के वर्तमान जज जस्टिस यशवंत वर्मा के विरुद्ध आरोपों की जांच करने के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की है, जिसमें पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू, हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस जी.एस. संधावालिया और कर्नाटक हाईकोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस अनु शिवरामन शामिल हैं।



लोकसभा महासचिव श्री उत्पल कुमार सिंह ने आज नई दिल्ली में संसद भवन में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष डॉ. राम मनोहर लोहिया को उनकी जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## सुशांत सिंह राजपूत के घर से मिटाए गए थे सबूत, उद्धव ठाकरे की वजह से नहीं मिला न्याय : राम कदम

मुंबई (आरएनएस)। बॉलीवुड एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की मौत मामले में सीबीआई ने क्लोजर रिपोर्ट दायर कर दी है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, सुशांत की मौत किसी भी तरह की साजिश या आपराधिक षड्यंत्र से नहीं हुई है। सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट पर अब महाराष्ट्र से भाजपा विधायक राम कदम की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा कि अगर उद्धव ठाकरे ने पहले ही सीबीआई को केस दे दिया होता तो आज परिवार को न्याय मिल जाता।

भाजपा विधायक राम कदम ने कहा, सुशांत सिंह राजपूत के केस को लेकर पूरे देश की एक ही मांग थी कि इसे सीबीआई को सौंपा जाए, मगर जानबूझकर लापरवाही बरती गई। बिहार की पुलिस जब इस मामले की जांच के लिए मुंबई आई तो उन्हें भी रोका गया। तत्कालीन उद्धव ठाकरे ने अपने लोगों को बचाने के लिए सारे सबूत मिटा दिए। इतना ही नहीं, घर का फर्नीचर हटाया गया और रंगाई-पुताई कर उसे घर के असली मालिक को सौंप दिया गया।

उन्होंने आगे कहा, जब सारे सबूत मिटा दिए जाएंगे और उनके नेता रिया चक्रवर्ती के साथ प्रवक्ता बनकर खड़े रहेंगे तो सवाल उठना लाजिमी है। अगर उद्धव ठाकरे ने पहले ही सीबीआई को केस दे दिया होता

## सौरभ हत्याकांड : मेरठ की जेल में बंद मुस्कान ने मांगा सरकारी वकील

मेरठ (आरएनएस)। मेरठ के चौधरी चरण सिंह जिला कारागार में बंद सौरभ हत्याकांड की आरोपी मुस्कान ने जेल अधीक्षक से गुहार लगाई है। उसने अपने केस को लड़ने के लिए सरकारी वकील की मांग की है।

मुस्कान ने जेल अधीक्षक वीरेश राज शर्मा को लिखित प्रार्थना पत्र सौंपकर यह मांग की है। जेल अधीक्षक ने बताया कि मुस्कान ने शनिवार को उनसे मिलने की इच्छा जाहिर की थी। मुलाकात के दौरान उसने अपनी परेशानी बताई और सरकारी वकील के बारे में बात की।

वीरेश राज शर्मा ने कहा कि बंदी का यह अधिकार है कि अगर उसके पास निजी वकील नहीं है, तो उसे सरकारी वकील दिया जाए। इसी के तहत मुस्कान का प्रार्थना पत्र कोर्ट में भेजा जा रहा है।

वहीं, इस मामले में सह-आरोपी साहिल ने अभी सरकारी वकील लेने पर कोई फैसला नहीं लिया है। उसका कहना है कि वह पहले अपने परिवार वालों से बात करेगा। अगर वे उसका केस नहीं लड़ते, तभी वह आगे निर्णय लेगा।

जेल अधीक्षक ने बताया कि रविवार होने के कारण कोर्ट में अर्जी सोमवार को दी जाएगी। मुस्कान और साहिल दोनों नशे की लत से जूझ रहे हैं। चिकित्सा परीक्षण में यह बात सामने आई है कि दोनों नशे के आदी हैं। जेल प्रशासन ने इनकी स्थिति को देखते हुए इलाज शुरू कर दिया है। जेल अधीक्षक और डॉक्टरों की निगरानी में दोनों का उपचार चल रहा है। नशे से छुटकारा दिलाने के लिए दवाइयों के साथ-साथ काउंसलिंग भी की जा रही है। जेल में चल रहे नशा मुक्ति केंद्र के जरिए दोनों को योग, ध्यान और शारीरिक गतिविधियों में शामिल किया गया है।

**रिया चक्रवर्ती को क्लीन चिट, सीबीआई ने बॉलीवुड एक्टर सुशांत केस में कोर्ट में दाखिल की क्लोजर रिपोर्ट**

मुंबई (आरएनएस)। बॉलीवुड एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में सीबीआई ने पांच साल बाद क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की है। इस केस की जांच में सीबीआई को हत्या के कोई सबूत नहीं मिले। क्लोजर रिपोर्ट में कहा गया है कि सुशांत सिंह राजपूत ने आत्महत्या की थी उसकी हत्या होने का कोई सबूत नहीं मिला है। सीबीआई जांच में रिया चक्रवर्ती और उसकी परिवार को क्लीन चिट मिल गई है। जून 2020 में सुशांत सिंह राजपूत ने खुदकुशी की थी। इस मामले में दो क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की गई है। सुशांत के पिता ने रिया चक्रवर्ती के ऊपर जो आरोप लगाए थे और रिया ने जो सुशांत के परिवार पर जो आरोप लगाए थे, दोनों केस में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की गई है। पहली क्लोजर रिपोर्ट मुंबई में दाखिल की गई है जबकि दूसरी क्लोजर रिपोर्ट पटना में दाखिल की गई है। एक मामला सुशांत के पिता ने दर्ज कराया था, जो एक्टर को आत्महत्या के लिए उकसाने से संबंधित है, जबकि दूसरा मामला सुशांत की कथित गर्लफ्रेंड रिया चक्रवर्ती ने उनकी बहनों के खिलाफ दर्ज कराया था।



आज रोम, इटली में भारत-इटली सैन्य सहयोग समूह की 13वीं बैठक की झलकियाँ।




आज नई दिल्ली में एक समारोह में भारतीय वायुसेना के मेधावी खिलाड़ियों के साथ समूह तस्वीर में वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह।

# पुलिस की वर्दी पहनकर गंदा काम करती थी ये लड़की, साथियों समेत चढ़ी पुलिस के हत्थे

अमृतसर (आरएनएस)। पंजाब में अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए नार्को-टेरर मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए दो अलग-अलग मामलों में करीब 45 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के कुल नौ किलो दो सौ ग्राम हेरोइन बरामद कर सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि पुलिस ने सीमा पार से संचालित होने वाले ड्रग कार्टेल का भंडाफोड़ किया है। इस गिरोह में एक महिला रिश्तेदार और दो अन्य लोग शामिल हैं, जो रसद सहायता प्रदान करते थे।


पुलिस ने उनके पास से 5.2 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपियों की पहचान मनदीप कौर निवासी गांव इब्बन कलां, अमृतसर ग्रामीण, आलम अरोड़ा निवासी जनता कॉलोनी छेहरटा, अमृतसर और मनमीत उर्फ गोलू निवासी जनता कॉलोनी छेहरटा अमृतसर के तौर पर हुई है। डीजीपी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि मनदीप का एक व्यक्ति के साथ संबंध था, जिसने उसे पाक स्थित तस्करों से मिलवाया था। वह कई बार वर्दी पहनकर पुलिस अधिकारी बनकर नापाक गतिविधियों को अंजाम देने की कोशिश कर रही थी। उसका पैतृक घर खालरा, तरनतारन में है, जो अंतरराष्ट्रीय सीमा के करीब है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत पुलिस थाना छेहरटा में प्राथमिकी दर्ज की गई है। आगे की जांच जारी है, ताकि उनके आगे और पीछे के संबंधों का पता लगाया जा सके। एक अन्य मामले में पंजाब में अमृतसर काउंटर इंटेलिजेंस ने आज सरकारी अस्पताल नारायणगढ़, छेहरटा के इलाके से नशीले पदार्थों के चार तस्करों को गिरफ्तार कर एक नार्को-टेरर मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है।

गिरफ्तार आरोपियों से चार किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई है। आरोपियों की पहचान नवजोत सिंह उर्फ साहिल निवासी तरनतारन रोड, अमृतसर, सुखविंदर सिंह निवासी तरनतारन रोड, अमृतसर, गुरप्रीत सिंह निवासी गांव शेरों, तरनतारन और अनिकेत पुत्र राजपाल निवासी कृष्णा मंदिर नारायणगढ़, अमृतसर के तौर पर हुई है। डीजीपी यादव ने कहा कि एनडीपीएस एक्ट के तहत पुलिस थाना स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी), अमृतसर में प्राथमिकी दर्ज की गई है। तस्करों के संपर्कों का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है ।



मुंबई. अदा शर्मा अपनी पहली फ़िल्म 1920 से लेकर द केरल स्टोरी तक अपने दमदार अभिनय के लिए घर-घर में मशहूर हैं, जो अब तक की सबसे यादा कमाई करने वाली महिला प्रधान फ़िल्म बन गई है. उनकी एक्शन फ़िल्मों, कमांडो और बस्तर के लिए भी उनके बहुत सारे प्रशंसक हैं. अदा एक फ़िल्म की शूटिंग और दूसरी फ़िल्म के प्रचार में व्यस्त हैं और पिछले कुछ रातों से वह सोई नहीं हैं. वह फ़्लाइट पकड़ने के लिए एयरपोर्ट पहुँचीं और वहाँ पपराज़ी से मिलीं और एक ट्वीट शेयर किया.

# मेगास्टार अनिल कपूर के अविस्मरणीय अभिनय के साथ 'लम्हे' बड़े पर्दे पर फिर से लौट रहा है




सिनेमा प्रेमियों के लिए यह एक खास तोहफा है, क्योंकि मेगास्टार अनिल कपूर और श्रीदेवी अभिनीत प्रतिष्ठित रोमांटिक ड्रामा 'लम्हे' 21 मार्च 2025 को बड़े पर्दे पर भव्य वापसी कर रहा है। अपने समय से आगे की इस फिल्म को बॉलीवुड की सबसे बेहतरीन कृतियों में गिना जाता है, और इसकी फिर से रिलीज़ इसे नई पीढ़ी से परिचित कराने का सुनहरा मौका है। यश चोपड़ा द्वारा निर्देशित, 1991 की यह फिल्म प्रेम, लालसा और भाग्य को एक ऐसे साहसिक और अविस्मरणीय अंदाज़ में प्रस्तुत करती है, जो आज भी दर्शकों को भावनाओं के गहरे सागर में डुबो देता है। इस फ़िल्म के केंद्र में अनिल कपूर का शानदार अभिनय था, जिसमें उन्होंने वीरेन की भूमिका निभाई थी – एक ऐसा व्यक्ति जो अतीत और वर्तमान के बीच फंसा हुआ है और एक अपरंपरागत प्रेम कहानी को आगे बढ़ा रहा है। उनका भावनाओं से भरपूर यह किरदार दर्शकों के दिलों में गहरी छाप छोड़ गया था और उनके करियर की सबसे सराही गई भूमिकाओं में से एक बन गया।

सोशल मीडिया पर इस खबर को साझा करते हुए, अनिल कपूर ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए लिखा- तब भी टाइमलेस था, अब भी टाइमलेस है! 21 मार्च से बड़े पर्दे पर ह्लम्हे देखें! जब 1991 में लम्हे पहली बार सिनेमाघरों में आई थी, तो इसकी बोल्ड कहानी ने चर्चाओं को जन्म दिया था, लेकिन पिछले कुछ सालों में इसने भारतीय सिनेमा की बेहतरीन फिल्मों में से एक के रूप में अपनी जगह बनाई है। इसके दोबारा रिलीज होने के साथ, आज के दर्शकों को सिल्वर स्क्रीन पर एक बार फिर अनिल कपूर के सदाबहार अभिनय का अनुभव करने का मौका मिलेगा।

इस पुन: रिलीज़ के साथ-साथ अनिल कपूर एक और रोमांचक प्रोजेक्ट के लिए भी तैयार हैं। हर दौर में दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के बाद, अब वह सुरेश त्रिवेणी निर्देशित 'सुबेदार' में एक दमदार किरदार के साथ लौट रहे हैं। हाल ही में रिलीज़ हुए टीज़र ने पहले ही काफी हलचल मचा दी है, जिसमें अनिल कपूर के एक शक्तिशाली और गंभीर अवतार की झलक देखने को मिली है। लम्हे की सिनेमाघरों में वापसी और सुबेदार की आगामी रिलीज़ के साथ, अनिल कपूर एक बार फिर यह साबित कर रहे हैं कि क्यों वह इंडस्ट्री के सबसे गतिशील और चिरस्थायी मेगास्टार बने हुए हैं।

## केसरी चैप्टर 2 के टीज़र में अक्षय कुमार ने ब्रिटिश साम्राज्य की बखिया उधेड़ी, देखें नया वीडियो

केसरी चैप्टर 2 का टीज़र- बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार एक बार फिर स्क्रीन पर देशभक्ति की एक अनूठी कहानी सुनाने जा रहे हैं। 2019 में आई फिल्म केसरी की सफलता के बाद अब अक्षय फिल्म के सीक्वल केसरी चैप्टर 2 के जरिए फैंस का दिल जीतने जा रहे हैं। अक्षय कुमार, आर माधवन और अनन्या पांडे जल्द ही केसरी चैप्टर 2- द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ़ जल्लाईवाला बाग़ में नज़र आएंगे। फ़िल्म का टीज़र आखिरकार रिलीज़ हो गया है- मनोरंजक कहानी कहने के लिए ऑडियो पर ध्यान केंद्रित करने के साथ, फ़िल्म त्रासदी के बाद की अनकही कहानी के बारे में एक रोमांचक कहानी का वादा करती है। अक्षय कुमार सर सी शंकरन नायर की भूमिका में हैं,

# सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी चमकती त्वचा का राज बताया



सोनाक्षी सिन्हा उन अभिनेत्रियों में से एक हैं जो सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अपने फैंस के लिए आए दिन मजेदार वीडियो शेयर करती रहती हैं। सोनाक्षी सिन्हा ने अपने पति जहीर इकबाल के साथ एक और मजेदार वीडियो शेयर किया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी चमकती त्वचा का राज बताया है। सोनाक्षी के वीडियो पर अब फैंस के कमेंट भी आ रहे हैं।

क्लिप की शुरुआत सोनाक्षी की स्किनकेयर से होती है। इसके बाद उनके पति जहीर पीछे से आते हैं और अपनी पत्नी को डरा देते हैं। इस दौरान, सोनाक्षी की इस अनोखी प्रतिक्रिया से जहीर जोर से हंसते हैं।

सोनाक्षी ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, मेरी चमकती त्वचा का राज।

इससे पहले सोनाक्षी ने इस साल पति जहीर के बिना होली मनाई थी। खूबसूरत अभिनेत्री ने अपनी अगली फिल्म जटाधारा के सेट पर होली मनाई। त्योहार की एक झलक दिखाते हुए, उन्होंने इंस्टाग्राम पर कुछ मजेदार तस्वीरें साझा कीं। सफेद सलवार कमीज में पोज देते हुए, सोनाक्षी होली के रंगों को दिखाती नजर आईं।

उन्होंने लिखा, होली है, रंग बरसाओ, खुशियां मनाओ। हैप्पी होली मेरे दोस्तों। सोनाक्षी ने बताया कि वह अपने काम के कारण जहीर से दूर होली मना रही हैं। जटाधारा के निर्माताओं ने 8 मार्च को महिला दिवस पर फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया। तस्वीर में हीरामंडी अभिनेत्री अपने पारंपरिक आभूषणों को दिखाती नजर आ रही हैं, जिसमें एक सुनहरा हेडपीस, चूड़ियां और अंगूठियां शामिल हैं। सोनाक्षी की पहली तेलुगु फिल्म जटाधारा में मुख्य भूमिका में सुधीर बाबू होंगे। वेंकट कल्याण द्वारा निर्देशित इस फिल्म में शिल्पा शिरोडकर, रेन अंजलि और दिव्या विज मुख्य भूमिकाओं में होंगी। इसके अलावा, सोनाक्षी आगामी प्रोजेक्ट तू है मेरी किरण में जहीर के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करती नजर आएंगी। करण रावल और संजना मल्होत्रा द्वारा निर्देशित, यह फिल्म 2022 की हंसी की सवारी डबल एक्सएल के बाद उनकी दूसरी ऑन-स्क्रीन जोड़ी है।उनकी सूची में निकिता रॉय एंड द बुक ऑफ डार्कनेस भी शामिल है।

## जब बिग बी ने बताई थी 'दंगल' में आमिर खान के अभिनय की खामी

मुंबई । बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान ने स्पोर्ट्स बायोपिक 'दंगल' में अपने अभिनय की एक बड़ी और एकमात्र खामी का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि यह खामी अमिताभ बच्चन ने उन्हें बताई थी। आमिर खान हाल ही में मुंबई में रेड लॉरी फिल्म फेस्टिवल में अपनी पहली फिल्म 'कयामत से कयामत तक' की स्पेशल स्क्रीनिंग में शामिल हुए। इवेंट के दौरान सुपरस्टार ने अपनी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म 'दंगल' के बारे में बात की और बताया कि वह इसे अपनी सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में से एक मानते हैं। हालांकि, अभिनेता अपनी गलती स्वीकार करते हुए खुद की आलोचना करने से पीछे नहीं हटे। उन्होंने कहा कि 'दंगल' के शुरुआती दृश्यों में से एक में उनका किरदार, युवा महावीर सिंह फोगाट मैच में अपनी जीत का जश्न मनाते हुए हां कहता है। अभिनेता ने याद किया कि बिग बी ने भी यही बात कही थी और उनसे कहा था कि इस खास हाव-भाव ने आमिर को महावीर के किरदार से बाहर कर दिया, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र से होने के कारण वह कभी भी हां नहीं कह सकते थे। आमिर ने कहा कि उन्हें इसका पछतावा है और अंतिम संपादन में उस हिस्से को हटाने का कोई तरीका नहीं था क्योंकि इससे पूरी फिल्म प्रभावित होगी। आमिर जिस बात को समझाने की कोशिश कर रहे थे, वह यह थी कि कभी भी एक आदर्श प्रदर्शन नहीं हो सकता क्योंकि मानव स्वभाव को देखते हुए कुछ गलतियां होना तय है। इससे पहले, मुंबई के बांद्रा इलाके में एक फाइव स्टार होटल में अपने 60वें जन्मदिन से पहले आमिर अपनी खास दोस्त गौरी को मीडिया से मिलवाते नजर आए थे, जिससे मीडिया हैरान रह गया था। यह सुपरस्टार और निर्माता-निर्देशक किरण राव के तलाक के 16 साल बाद हुआ है। दिलचस्प बात यह है कि बॉलीवुड सुपरस्टार की किरण से मुलाकात ऑस्कर के लिए नामांकित फिल्म लगान के सेट पर हुई थी, जिसमें उन्होंने अपनी पहली पत्नी रीना के साथ पैसे लगाए थे, जो उस फिल्म की एग्जिक्युटिव प्रोड्यूसर भी थीं।

# एक्सक्लूसिव : करण कुंद्रा ने तेजस्वी प्रकाश संग शादी पर की खुलकर बात, बताया क्या है प्लान

मुंबई । अभिनेता करण कुंद्रा ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से खुलकर बात की। बातचीत के दौरान तेजस्वी प्रकाश के साथ अपनी शादी को लेकर उन्होंने कई जानकारी भी शेयर किए।

जब उनसे उनकी शादी के मेन्यू के बारे में पूछा गया, तो करण ने खाने के प्रति अपने प्यार को जाहिर करते हुए कहा, मैं खाने का बड़ा शौकीन हूं। लेकिन जब शादी के खाने की बात आती है, तो मैं इसे पेशेवरों पर छोड़ना पसंद करूंगा।

एक पुराने वीडियो का जिक्र करते हुए करण ने शादी की क्या योजना है इस पर मजाकिया अंदाज में बताया, मुझे लगता है कि वह एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) था।

उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि जब समय आएगा, तो मैं इसके बारे में सोचना शुरू कर दूंगा। मैं यह भी विचार करूंगा कि शादी का आयोजन बड़े या फिर छोटे पैमाने पर होगा। करण ने बताया कि तेजस्वी अक्सर उनके लिए खाना बनाती हैं और यह उनके लिए खास है। उन्होंने कहा, तेजस्वी मेरे लिए खाना बनाती है और यह मेरे लिए बेहद खास है।

उन्होंने तेजस्वी की पाक कला की प्रशंसा करते हुए बताया कि तेजस्वी को रसोई में प्रयोग करना कितना पसंद है। उन्होंने बताया, कल भी उसने कुछ प्रयोग किया और मैंने उसे खाया, मुझे उनका बनाया खाना बहुत पसंद आया।

करण और तेजस्वी जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाले हैं, जैसा कि तेजस्वी की मां ने हाल ही में 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' के एक एपिसोड में पुष्टि की थी। जब फराह खान ने तेजस्वी की मां से पूछा, दोनों की शादी कब होगी? तो उन्होंने उत्साह से जवाब दिया, इसी साल शादी हो जाएगी।

मां की इस घोषणा से तेजस्वी शर्म से लाल हो गईं और शर्माते हुए बोलीं ऐसी कोई बात नहीं है। भले ही तेजस्वी ने इनकार किया हो लेकिन हाल ही में तेजस्वी ने शादी को लेकर एक बड़ी बात कही थी। उन्होंने कहा, मैं इस पर ज्यादा ध्यान नहीं देती। मुझे सामान्य कोर्ट मैरिज से कोई दिक्कत नहीं है। हम लोग फिर घूमेंगे, फिरेंगे, ऐश करेंगे।

बता दें, करण और तेजस्वी की मुलाकात 'बिग बॉस 15' में हुई थी। इसके बाद दोनों में दोस्ती हुई और वह प्यार में बदल गया। रियलिटी शो के क्रिसमस स्पेशल वीकेंड का वार एपिसोड के दौरान, करण ने तेजस्वी प्रकाश को लाल गुलाब देकर प्रपोज किया था।

## अभिनेत्री यामिनी मल्होत्रा पर चढ़ा रंगीन उत्सव का सांस्कृतिक रंग

मुंबई. भारतीय मनोरंजन परिदृश्य में सबसे प्रशंसित और प्रतिभाशाली हस्तियों में से एक डॉ. यामिनी मल्होत्रा को एक सफल बिग बॉस यात्रा के बाद अपना पहला भव्य होली उत्सव मनाते हुए देखा गया था. अभिनेत्री को टेरेंस लुईस, जय भानुशाली, मधुरिमा तुली, डीजे सुमित सेठी और ताहा शाह जैसे प्रसिद्ध उद्योग पेशेवरों के साथ उत्सव की भावना का आनंद लेते देखा गया. जीवंत उत्सव संगीत, रंगों और उच्च-ऑक्टेन प्रदर्शनों से भरा हुआ था, जिसने इसे सभी उपस्थित लोगों के लिए एक यादगार सभा बना दिया. होली के सांस्कृतिक सार को अपनाते हुए यामिनी ने इस अवसर के लिए एक क्लासिक भारतीय साड़ी पहनने का विकल्प चुना, जो उनके आकर्षक व्यक्तित्व की मेल खाता था. वह एक आकर्षक नीले रंग के ब्लाउज के साथ एक सफेद साड़ी में अलौकिक लग रही थी. एक स्टेटमेंट नोज रिंग और ऑक्सीकृत चांदी के गहने के साथ एक्सेसराइज़ किया गया

# उर्वशी रौतेला ने अनाथ लड़कियों की शादी में बांटी जलेबी, सोशल मीडिया पर बटोरी तारीफ

मुंबई । अभिनेत्री उर्वशी रौतेला अपने व्यस्त शेड्यूल से समय निकालकर अनाथ लड़कियों की शादी कराने के एक कार्यक्रम में शामिल हुईं, जहां वह जलेबी बांटती कैमरे में कैद हुईं।

मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में 251 वंचित अनाथ लड़कियों की शादी का आयोजन किया गया। समारोह में उर्वशी ने शिरकत की और वहां उपस्थित लोगों को मिठाई बांटी।

उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह सभी को जलेबी परोसती दिखाई दीं। डाकू महाराज की अभिनेत्री हरे रंग के एथनिक परिधान के साथ मैचिंग इयररिंग्स पहने बेहद खूबसूरत दिखीं।



इंस्टाग्राम पर वीडियो को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, भगवान आपके सभी सपने पूरे करें और हर पल को खुशियों से भर दें।

वीडियो के बैकग्राउंड में उर्वशी ने ऋतिक रोशन-प्रियंका चोपड़ा स्टारर 'अग्निपथ' के गाने 'अभी मुझ में कहीं' को भी जोड़ा। उर्वशी का लेटेस्ट वीडियो इंटरनेट पर खूब वायरल हो रहा है, जिसमें सोशल मीडिया यूजर्स उनके व्यवहार और प्यार के लिए खूब तारीफ करते नजर आए।

वर्कफ्रंट की बात करें तो उर्वशी अपनी हालिया रिलीज 'डाकू महाराज' की सफलता से गदगद हैं। उर्वशी वर्तमान में बहुप्रतीक्षित सीक्वल 'वेलकम 3' की शूटिंग में व्यस्त हैं।

अहमद खान के निर्देशन में बनी इस प्रोजेक्ट में अक्षय कुमार, रवीना टंडन, दिशा पटानी, सुनील शेट्टी, लारा दत्ता, बॉबी देओल, जैकलीन फर्नांडीज, परेश रावल, अरशद वारसी, राजपाल यादव, जॉनी लीवर, श्रेयस तलपड़े और तुषार कपूर जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं।

इसके अलावा, उर्वशी के पास विवेक चौहान की फिल्म 'बाप' भी है, हॉलीवुड ब्लॉकबस्टर 'द एक्सपेंडेबल्स' की रीमेक बताई जा रही है। इस प्रोजेक्ट में सनी देओल, संजय दत्त, लंकेश भारद्वाज, अपेक्षा पांडे, जैकी श्रॉफ, मिथुन चक्रवर्ती और जॉनी लीवर समेत अन्य कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार, उर्वशी अपकमिंग बायोपिक में बीते जमाने की मशहूर अभिनेत्री परवीन बॉबी की भूमिका भी निभाएंगी।

# राज कुंद्रा ने अपनी पंजाबी फिल्म मेहर की शूटिंग पूरी की, कलाकारों के साथ मनाया जश्न



राज कुंद्रा पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में अपने पहले प्रोजेक्ट 'मेहर' के साथ कदम रख रहे हैं। उन्होंने पहले ही मोहाली में इस फिल्म की शूटिंग शुरू करने की घोषणा की थी, और अब मात्र तीस दिनों में उन्होंने फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। शूटिंग खत्म करने के बाद राज कुंद्रा ने पूरी कास्ट के साथ जश्न मनाया और इस खास पल को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किया।

राज कुंद्रा ने फिल्म की कास्ट के साथ एक वीडियो साझा किया, जिसमें सभी शूटिंग पूरी होने का जश्न मना रहे हैं। वीडियो के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, यह खत्म हुआ! मेहर पर 30 दिनों की कड़ी मेहनत, जुनून और अविस्मरणीय यादें! पूरी टीम को इस शानदार सफर के लिए बधाई। अब इंतजार नहीं हो रहा कि आप सभी 5 सितंबर 2025 को सिनेमाघरों में इस जादू को देखें

मशहूर पंजाबी फिल्म निर्माता राकेश मेहता द्वारा निर्देशित इस फिल्म में राज कुंद्रा एक अनोखे किरदार में नजर आएंगे। मेहर, जो प्यार, दोस्ती और जिंदगी की कहानी को दर्शाती है, इसमें गीता बसरा, मास्टर अगमवीर सिंह, बनिंदर बन्नी, सविता भट्टी, रुपिंदर रूपी, दीप मंदीप, आशीष दुग्गल, हॉबी धालीवाल, तरसेम पॉल और कुलवीर सोनी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म डीबी डिजिटेनमेंट और रघु खन्ना द्वारा प्रस्तुत की गई है, जबकि दिव्या भटनागर और रघु खन्ना इसके निर्माता हैं। फिल्म के सिनेमैटोग्राफर आशुदीप शर्मा हैं।

'मेहर' 5 सितंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके अलावा, राज कुंद्रा की झोली में दो और पंजाबी फिल्में भी हैं! हालांकि, इन फिल्मों के बारे में अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन राज कुंद्रा एक्शन, ड्रामा और कॉमेडी जैसी विभिन्न शैलियों में अपनी प्रतिभा दिखाने वाले हैं, जिससे सिनेमा प्रेमियों के लिए ढेर सारा मनोरंजन आने वाला है।

## शब्द सामर्थ्य -362

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 361 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | ■ | सिं | हा | स | न | ■ |
| ख | ■ | म | ज | दू | र | ■ | का | म |
| वा | द | क | ■ | र | ■ | सं | ब | ल |
| ड़ | ■ | ल | ज्जा | ■ | म | स्का | ■ | य |
| ■ | बा | ■ | ■ | बि | हा | र | ■ | ■ |
| सु | धा | क | र | ■ | न | ■ | ■ | औ |
| रं | ■ | म | ■ | कि | ता | ब | ■ | स |
| ग | ■ | अ | र | सा | ■ | हु | ज्ज | त |
| ■ | श | क्ल | ■ | न | मि | त | ■ | न |



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना प्रभारी तिलवारा बृजेश मिश्रा ने बताया कि रात्रि मुखबिर से सूचना मिली कि क्रेशर बस्ती में अज्जू पान टपरा के पीछे आरिफनंगा अवैध रूप से कच्ची शराब बेचने के लिये रखा है, सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई क्रेशरबस्ती अज्जू पान के टपरा के पास संदेही आरिफनंगा पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिसने पूछताछ पर अपना पूरा नाम आरिफखान उर्फनंगा उम्र 23 वर्ष निवासी क्रेसर बस्ती, तिलवारा बताया जिसके कब्जे में रखे 4 नग प्लास्टिक के डिब्बे में कुल 60 लीटर कच्ची शराब कीमती लगभग 6 हजार रूपये की रखी



# विश्व क्षय दिवस के अवसर पर जिले की 176 टीबी मुक्त पंचायतों को किया गया पुरस्कृत





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। वि श्व क्षय दिवस के अवसर पर होटल कल्चुरी रेसीडेंसी में आज नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर के मुख्यातिथ्य में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिषेक गहलोत ने की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर श्रीमती रचना भोलाए श्री अभय सिंह ठाकुर थे। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा ने टीबी मुक्त अभियन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024.25 के दौरान जिले की कुल 176 टीबी मुक्त पंचायतों को राज्य स्तर से नामित किया गया हैए उक्त पंचायतों को विश्व क्षय दिवस 2025 के अवसर पर पुरूस्कृत किये जाने के लिये विकासखण्डवार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं बीएमओ को आवश्यक मैडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदाय किये गयेए जिन्हे अगले हफ्ते विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रमों में सर्व संबंधित पंचायतों के जन प्रतिनिधियों एवं गणमान्य को देकर पुरूस्कृत किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि वर्तमान वर्ष में सबसे अधिक टीबी मुक्त पंचायतें विकासखंड पाटन की 30 रहींए फिर क्रमशः ब्लॉक कुंडम की 28ए मझौली की 24ए शहपुरा की 24ए बरगी की 22ए सिहोरा की 12 एवं पनागर की 9 पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया जा चुका हैए इस तरह से इस वर्ष जबलपुर जिले की कुल 176 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त हो चुकी हैं। उन्होंने निक्षय मित्र के योगदान के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री रत्नेश सोनकर ने सभी विभाग के कार्य की सराहना की तथा आपसी समन्वय से प्राप्त हुई उपलब्धि के लिए सभी को शुभकामनाएं दी और आगे जिले की समस्त ग्राम पंचायत टीवी मुक्त हो इस के लिये सभी को अधिक ईमानदारी से काम करने को कहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री गहलोत ने इस अवसर पर सभी के किए गए प्रयासों की सराहना की तथा संबंधित पंचायत को शुभकामनाएं दीं और अगले वर्ष सम्पूर्ण जबलपुर जिले को जल्दी ही टीबी मुक्त करने के लिए सभी से एकजुट होकर इसी तरह आपसी समन्वय से कार्य करने की आशा व्यक्त की।

इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विनीता उप्पलए अर्बन नोडल अधिकारी डॉ एस एस दाहियाए जिला क्षय अधिकारी डॉ संतोष सिंह ठाकुरए समस्त विकासखंड से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर्सए डीपीसी सुनील शर्माए पीएमडीटी कोऑर्डिनेटर सीमांत ढिमोलेए नारायण सोनीए विकास श्रीवास्तव और समस्त एनटीईपी स्टाफ उपस्थित थे।

## लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न

# सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण नॉन अटेंडेंट होने पर लगेगा जुर्माना. सीईओ जिला पंचायत





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक गहलोत की अध्य क्षता में आज लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान अपर कलेक्टकर श्री नाथूराम गोंड सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में उन्हों ने सभी विभागों की सीएम हेल्प लाईन की एक.एक कर समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सीएम हेल्पदलाईन के प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता से करें। उन्होंकने कहा कि कोई भी प्रकरण नॉन अटेंडेंट न रहे और न ही निम्न गुणवत्ता से बंद हों। यदि कोई नॉन अटेंडेंट प्रकरण रहे तो पेनाल्टी के रूप् में संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देशित किये कि प्रति केस 1 हजार रूपये रेडक्रॉस में जमा करें। साथ ही कहा कि 50 दिन से अधिक के प्रकरणों को पहले निराकृत करें। शिकायतों के निराकरण की गति में तेजी लायें।

सीईओ श्री गहलोत ने टीएल के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान विभागवार एक.एक प्रकरणों की समीक्षा करते हुये कहा कि प्रकरणों का निराकरण तत्परता से करें। उन्होंवने निर्माण कार्य से संबंधित विभागों से कहा कि वे खनिज रॉयल्टी शीघ्र जमा करें। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि प्रकरणों के निराकरण जवाबदारी से कार्य करें और जिले की रैंकिंग सुधारें।

# योग साधना शिविर 27 मार्च से



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आर्यसमाज गोरखपुर के तत्वावधान मे आगामी गुरुवार 27 मार्च से रविवार 30 मार्च तक योग साधना शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस हेतु दीर्घ अनुभवी एवं कुशल योग प्रशिक्षक आचार्य अरुण कुमार जी मुंबई से विशेष रूप से पधार रहे हैं। चार दिवसीय शिविर मे प्रातः 7 से 9 बजे तक ध्यान और यज्ञ प्रशिक्षण तथा सायं 6 से 8 बजे तक संध्योपासना और साधना का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर का समापन आर्यसमाज के 150 वें स्थापना दिवस के दिन वहृत आयोजन के रुप मे रविवार 30 मार्च को किया जाएगा। भजन प्रवचन और सत्संग के उपरांत शिविर समापन पर दोपहर 12 बजे से ऋषि लंगर भी आयोजित किया जाएगा। आशुतोष चंदेल, राजेश मुखी, श्रीमती कुसुम जिंदल, श्रीमती सुनीता हांडा आदि ने शिविर मे भाग लेने का आग्रह किया है।

### मां कर्मा देवी की जयंती के अवसर पर समरसता सेवा संगठन द्वारा विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन 26 को

जबलपुर। समरस भारत - समर्थ भारत के लिये सब सबको जाने - सब सबको माने, एक अभियान के अंतर्गत समरसता सेवा संगठन द्वारा मां कर्मा देवी की जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन बुधवार 26 मार्च 2025 को शाम 04 बजे से आईएमए. हॉल, चंचला बाई कॉलेज के पास रानीताल पेट्रोल पंप के सामने में किया गया है। इस अवसर पर समरसता होली महोत्सव के सहभागियों का सम्मान भी किया जाएगा । समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष श्री संदीप जैन ने सभी से उपस्थिति की अपील की है।

# रंग दे बसंती और होला महल्ला पर बिखरे पंजाबी संस्कृति के बहु रंग





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग, मध्य प्रदेश संस्कृति परिषद, पंजाबी साहित्य अकादमी, भोपाल एवं केंद्रीय गुरु सिंह सभा म.प्र.छ. ग. जबलपुर तथा पंजाबी महासंघ जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में मानस भवन में रंग दे बसंती, होला महल्ला महोत्सव आज पूर्ण हर्ष उल्लास, उमंग और जोश ख़रोश के साथ मनाया गया। यहां पंजाब की बहुरंगी संस्कृति से सराबोर कार्यक्रमों से उठी पंजाब के खेतों की सोंधी खुशबू से रूबरू हुए दर्शक खुद को सम्हाल नहीं पाए और कलाकारों के साथ ही जमकर भांगड़ा किया। आयोजक, पंजाबी साहित्य अकादमी जबलपुर संभाग के संयोजक अजीत सिंह नैय्यर सीटू ने आभार प्रकट किया। आयोजन में पंजाब के उम्दा कलाकारों द्वारा ढोल, मजीरा, सांप, तुम्बी और बुगदू आदि लोक वाद्य यंत्रों मोहक ताल और लय के अनूठे सामंजस्य के साथ, पेश किया गया पंजाबी लोक नृत्य, गायन गिद्दा, भांगड़ा, टप्पे, बोलियां एवं शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह के जीवन पर आधारित एक घंटे का नाट्य मंचन आदि के साथ ही रंगारंग प्रस्तुतियां जहां आकर्षण का केंद्र बनीं और हमेशा के लिए मानस पटल पर मीठी यादें छोड़ गईं । मालवा सभ्याचारक क्लब, पटियाला के प्रोग्राम डायरेक्टर गुरदर्शन सिंह ने बताया कि इस दल पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला के 17 कलाकार आए हैं जिनमें 5 छात्राएं और 12छात्रगण शामिल हुए हैं। यह दल ऑस्ट्रेलिया न्यूजीलैंड कनाडा मलेशिया इंडोनेशिया सहित विश्व के अनेक देशों में अपने हुनर का जलवा बिखेर कर भारतीय पंजाबी संस्कृति की अलख जगा चुके हैं। पंजाबी साहित्य अकादमी भोपाल के महा निदेशक इंद्रजीत सिंह खनूजा ने अध्यक्षता की। इस दौरान नगर के उम्दा कलाकार एवं साहित्यकारों का सम्मान भी किया गया ।कार्यक्रम मनभावन का संचालन जसबीन कौर छावड़ा,शरण प्रीत कौर बांगा और अवनीत कौर छावड़ा ने किया । भोपाल से आए अकादमी के महानिदेशक श्री इंद्र जीत सिंह खनूजा ने बताया कि आगामी 6 अप्रैल को इंदौर 15 को गुना और 20 अप्रैल को कटनी अकादमी कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। उत्साह के अतिरेक में आज मानस भवन का सभागार छोटा पड़ गया, लेकिन उत्साह से भरपूर दर्शकों ने खड़े होकर पूरा लुत्फ उठाया मेरा रंग दे बसंती चोला से शहीद भगत सिंह एवं शहीदों को नमन के साथ कार्यक्रम की विरोचित शुरुआत हुई रिंकू विज, रत्नेश सोनकर, जबलपुर सिख संगत प्रधान हरे द्रजीत सिंह बब्बू, इंद्रमोहन भाटिया, नरेंद्र पाल मलिक अध्यक्ष पंजाबी हिन्दू एसोसिएशन, बार एसोसिएशन के डी के द्धड्डद्बठ्ठ, आर के सिंह सैनी काके आनंद, प्रताप सिंह विरदी, जतिंदर सिंह सैनी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। करतार सिंह भ टी जा सुरिंदर सिंह खनूजा उपस्थिति रही ।

# लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह का आगमन आज

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह जी का आज सोमवार 24 मार्च को रात्रि 10 बजे भोपाल से जबलपुर सड़क मार्ग से आगमन होगा। श्री सिंह कल दोपहर 12¬15 से 02 बजे तक पश्चिम विधानसभा के अंतर्गत नागपाल गार्डन, मदनमहल स्थित विधायक कार्यालय में कार्यकर्ताओं एवं आम जनों से भेंट करेंगे एवं शाम 5 बजे बंदरिया तिराहा से फ्लाई ओवर तक एवं महानद्दा तक सड़क निर्माण में व्हाइट टॉपिंग कार्य का, शाम 5¬30 बजे तारा सिंह महानद्दा से गुप्तेश्वर सड़क एवम बंदरिया तिराहा से एमजीएम स्कूल रेलवे क्रॉसिंग मार्ग का, शाम 6¬30 बजे ओम मेंस वेयर से वैशाली परिसर आजाद चौक तक चौड़ीकरण एवं पुल निर्माण, शाम 7¬30 बजे ग्वारीघाट स्थित इंडियन बैंक के पास एवं इंद्रपुरी में निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करेंगे।

# मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने गाय के दूध से रोज़ा अफ्तार कराकर पेश की कौमी एकता की मिसाल





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच महाकौशल प्रांत द्वारा समदड़िया होटल में मंच के राष्ट्रीय संयोजक एस.के. मुद्दीन के संयोजन में तथा समाजसेवी डॉ. जितेन्द्र जामदार, प्रदीप चौकसे, संत शंभु जी, गिरीश महाराज, सुरेश देशपांडे, अनूप शुक्ला, सुरेन्द्र राठौर, राशिद सुहेल सिद्दीकी, हाजी मुईन खान, खादिम बाबा जमाली, सरदार टीटू जग्गी की विशिष्ट अतिथि में आयोजित किया गया। इस दौरान गाये के पोस्टिक दूध से रोज़ा अफ्तार कराकर कौमी एकता की मिसाल पेश की गई। इस दौरान अभिमन्यु शाखा एवं दयानंद पौण शाखा के स्वमंसेवको और सभी धर्म के अनुयायियों ने आपसी सद्भावना व समरसत्ता का संदेश दिया। रोज़ा अफ्तार में हारून जावेद सौदागर, मकसूद खान, ए.ए. क़ुरैशी, मुबारक कादरी, रिजवान कोटी, रफ़ीक़ खान, सलीम बून, शाकिर क़ुरैशी, अब्दुल बाकी खान आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। तदोपरांत कार्यक्रम संयोजक एड. तबरेज मुद्दीन, शाहरुख मुद्दीन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# 25 मार्च से 5 अप्रैल तक शहीद स्मारक गोलबजार में लगेगा पुस्तक मेला



जबलपुर-स्कूली बच्चों को रियायती दरों पर पुस्तकेंए कॉपियांए गणवेश एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराने जिला प्रशासन द्वारा गोलबाजार स्थित शहीद स्मारक में 25 मार्च से 5 अप्रैल तक पुस्तक एवं गणवेश मेला का आयोजन किया जाएगा। पुस्तक मेला का शुभारम्भ शाम 6 बजे प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह करेंगे। बारह दिनों का यह पुस्तक मेला शनिवार एवं रविवार को दोपहर 12 से रात 10 बजे तक तथा शेष दिवसों में शाम 4 से रात 10 बजे तक खुला रहेगा।

कलेक्टर दीपक सक्सेना की पहल पर लगातार दूसरे वर्ष लगाए जा रहे पुस्तक मेला के आयोजन की सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। मेले में एक ही स्थान पर सभी निजी स्कूलों की पाठ्य पुस्तकेंए कॉपियाँए यूनिफार्मए स्कूल बैग एवं अन्य सभी जरूरी शैक्षणिक सामग्री रियायती दरों पर विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध रहेंगी। इसके लिए मेले में लगभग 50 स्टॉल लगाए जा रहे हैं।

ज्ञात हो कि कलेक्टर दीपक सक्सेना की अगुवाई में जिला प्रशासन द्वारा पिछले वर्ष भी निजी स्कूलोंए प्रकाशकों और पुस्तक विक्रेताओं की साठ.गाँठ से विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को राहत दिलाने पुस्तक मेला का आयोजन किया गया था। जिसकी प्रदेश के साथ.साथ देश भर में चर्चा हुई थी और इसे काफी सराहा गया था। प्रदेश में पहली बार जबलपुर में लगाए गए

## विश्व क्षय रोग दिवस के उपलक्ष्य में मेडिकल कॉलेज में जन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन



जबलपुर-विश्व क्षय दिवस के उपलक्ष्य में टीबी उन्मूलन के प्रति जागरूकता पैदा करने आज नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में मेडिकल कॉलेज के स्कूल ऑफएक्सीलेंस इन पल्मोनरी मेडिसिन की अगुआई में पीजी छात्रोंए चिकित्सा शिक्षकोंए नर्सों एवं तृतीय और चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में अधिष्ठाता डॉ नवनीत सक्सेना ने प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित कियेए उनका मार्गदर्शन किया तथा टीबी पर अपने अनुभव साझा किये। वरिष्ठ चिकित्सक एवं विभागाध्यक्ष डॉ संजय भारतीए डॉ अविनाश जैनए डॉ शुभम् मिश्राए डॉ आकाश गजेंद्र ने भी अपने विचार व्यक्त किये।



# फसल कटाई में मिला गेहूँ के 73 क्विंटल प्रति हेक्टेयर उत्पादन

## रेज्ड बेड पद्धति से की गई थी डीबीडब्ल्यू.377 किस्म की बोनी

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।-जिले के विकासखण्ड पाटन के ग्राम कुकरभुका में गेहूँ के फसल कटाई प्रयोग में मिले नतीजों ने कृषि अधिकारियों सहित मौके पर मौजूद रहे सभी किसानों को आश्चर्य चकित कर दिया। फसल कटाई का यह प्रयोग आज कृषक अर्जुन पटेल के खेत में किया गया था और इसमें गेहूँ का 73 क्विंटल प्रति हेक्टेयर उत्पादन प्राप्त हुआए जो सामान्य से काफी अधिक है ।

फसल कटाई प्रयोग के दौरान मौजूद रहे उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम ने बताया कि कृषक अर्जुन पटेल द्वारा अपने खेत में गेहूँ के डीबीडब्ल्यू.377 ब्रीडर बीज की रेज्ड बेड पद्धति से बोनी की गई थी। डॉ निगम के मुताबिक अर्जुन पटेल के खेत में फसल कटाई प्रयोग पाँच मीटर लम्बे और पाँच मीटर चौड़े हिस्से में किया गया था और इसमें 18 किलो 424 ग्राम गेहूँ के उत्पादन प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि फसल कटाई प्रयोग में प्राप्त इन आंकड़ों का विश्लेषण करने पर गेहूँ का प्रति हेक्टेयर उत्पादन 73 क्विंटल आता हैए जबकि परंपरागत पद्धति से फसल लेने पर प्रति हेक्टेयर 40 से 45 क्विंटल गेहूँ का उत्पादन ही प्राप्त होता है।

उप संचालक कृषि के मुताबिक कृषक श्री पटेल द्वारा गेहूँ का ब्रीडर बीज भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद करनाल से लाया गया और 30 किलो प्रति एकड़ बीज रेज्ड बेड पद्धति से बोया गया। रेज्ड बेड पद्धति में 30 किलो प्रति एकड़ बीज की आवश्यकता होती हैए जबकि परंपरागत विधि से 80 से बोनी में 100 किलो बीज लगता है। उप संचालक कृषि ने बताया कि रेज्ड बेड पद्धति में एक पौधे में 15 से 16 कल्ले आते हैं और फसल गिरती भी नहीं हैए जबकि परंपरागत विधि से गेहूँ में तीन से चार कल्ले ही आते हैं तथा फसल गिर जाने की संभावना होती है।

अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन डॉ इंदिरा त्रिपाठी के अनुसार फसल बुवाई की रेज्ड बेड पद्धति यथास्थिति नमी संरक्षण के लिए अपनाई जाती है। इसमें बुवाई संरचनाए फरो इरीगेटेड रेज्ड बेड प्लान्टर से बनाई जाती हैए जिसमें सामान्यतरू प्रत्येक दो कतारों के बाद लगभग 25 से 30 सेंटीमीटर चौड़ी और 15 से 20 सेंटीमीटर गहरी नाली ;कूड़द्ध बनती है। रबी के मौसम में यही नालियां सिंचाई के काम में ली जा सकती हैंए जिससे बेड में अधिक समय तक नमी बनी रहती है। साथ ही मेढ़ से मेढ़ की दूरी पर्याप्त होने से पौधों की केनोपी को सूर्य की किरणें भी ज्यादा मिलती है और इन सबके फलस्वरूप उत्पादन भी बढ़ता है।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना प्रभारी बेलबाग प्रवीण कुमरे ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि जिला पंचायत कार्यालय के सामने टपरा किनारे एक युवक सफेद रंग की बोरी मे भारी मात्रा में शराब बेचने के लिये रखे हुये ग्राहक के इंतजार में खड़ा है, सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जिला पंचायत कार्यालय के सामने टपरा के किनारे मुखबिर के बताये हुलिये का युवक सफेद रंग की बोरी लिये खड़ा दिखा जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया

# नाबालिग प्रेमी-युगल ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, कानपुर से भागकर आए थे



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। यूपी के कानपुर स्थित शिवली गांव से भागकर जबलपुर आए नाबालिग प्रेमी युगल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. प्रेमी युगल को फांसी के फंदे पर लटकते देख मुंह बोले चाचा आकाश सोनी स्तब्ध रह गए. जिनकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मर्ग कायम कर लिया है. वहीं दोनों के परिजनों को शिवली गांव कानपुर सूचना भेज दी. दोनों 25 जनवरी 2025 को बिना बताए घर से निकल आए थे.

पुलिस अधिकारियों के अनुसार कानपुर के चौबेपुर क्षेत्र में रहने वाली नाबालिगा प्रिया (परिवर्तित नाम) उम्र 17 वर्ष व शिवली गांव कानपुर में रहने वाले नाबालिग प्रियांश (परिवर्तित नाम) उम्र 17 वर्ष एक ही स्कूल में साथ साथ पढ़ते रहे. इस दौरान दोनों के बीच दोस्ती हो गई, जो धीरे-धीरे प्यार में बदल गई. दोनों ने एक दूसरे के साथ जीवन भर साथ रहने का फैसला लिया और 25 जनवरी की शाम को लड़की कपड़े खरीदने कहकर घर से निकली. इसके बाद देर रात तक घर नहीं आई तो परिजन चिंतित हो गए, उन्होने अपने स्तर पर तलाश की लेकिन कहीं पता न चलने पर पुलिस को खबर दी.

वहीं पता चला कि शिवली गांव का नाबालिग प्रियांश भी लापता है. लड़की के पिता ने आरोप लगाते हुए कहा कि बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है. उन्होंने यह भी बताया कि प्रिया घर से तीन जोड़ी चांदी की तोडिया, एक जोड़ी पायल व 2000 रुपए कैश लेकर गई थी. इसके बाद वे जबलपुर में किराए का मकान लेकर रहने लगे. 21 मार्च को प्रियांश अपने दोस्त के साथ मुंहबोले चाचा आकाश सोनी के पास ग्राम बरौंदा पनागर पहुंचा.

जिन्हे देखकर चाचा आकाश हतप्रभ रह गया. आकाश के पूछने पर प्रियांश ने कहा कि वह अपनी दोस्त के साथ भेड़ाघाट घूमने आया है. कुछ दिन रुककर वापस गांव चला जाएगा. इसके बाद लड़के ने अपना मोबाइल पलंग पर रखा और दूसरे कमरे में चला गया. आकाश भी कानपुर का ही रहने वाला है और कभी-कभी लड़के के माता.पिता से फोन पर बात करता था. उसे यह बात खटक रही थी कि उसका भतीजा अचानक एक लड़की को लेकर क्यों आया है. इसी दिन शाम को आकाश ने चार्जिंग पर लगे प्रियांश के मोबाइल फोन का वाट्सएप चेक किया तो उसमें शिवली थाना प्रभारी का एक मैसेज पड़ा हुआ था.

जब उसने इसे पढ़ा तो वह घबरा गया. पता चला कि भतीजा गांव की ही एक नाबालिग लड़की को अपने साथ लेकर भागा है और उसके खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज है. इसके बाद आकाश सोनी अपने काम पर चला गया, इस दौरान प्रियांश व प्रिया ने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. 23 मार्च की सुबह जब चाचा आकाश कंपनी से काम करके घर लौटा तो देखा कि दरवाजा अंदर से बंद था. उसने स्थानीय ग्रामीणों व पनागर थाना पुलिस को सूचना दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ा और देखा कि दोनों को फांसी के फंदे पर लटक रहे है. पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजकर परिजन को सूचना दी. रविवार शाम को जबलपुर पहुंचे लड़की के परिजन शव को लेकर कानपुर के लिए रवाना हो गए.

**प्रियांश ने कहा कि हमने मैहर में विवाह कर लिया है-**

मोबाइल के वाट्सएप मैसेज पढने् के बाद चाचा आकाश ने लड़के से सच बताने को कहा कि प्रियांश ने कहा कि वह लड़की से प्यार करता है. दोनों ने मैहर में शादी भी कर लिया है. लेकिन घरवाले इस रिश्ते के लिए तैयार नहीं थे, इसलिए वे घर से भाग आए. आकाश ने उन्हें भरोसा दिलाया कि वह उन्हें घर ले जाने में मदद करेगा. क्योंकि कानपुर थानाप्रभारी ने आश्वासन दिया था कि दोनों को कानपुर लेकर आओ ताकि उन्हे परिजनों से मिलवाया जा सके.

**नाबालिगा के पास मिला कैश रुपया**

मौके पर पहुंची पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर गई तो दोनों एक ही कमरे में फांसी के फंदे पर लटक रहे थे. तलाशी लेने पर नाबालिगा प्रिया के पास से 38 हजार रुपए कैश व एक मोबाइल फोन मिला. वहीं प्रियांश के पास मोबाइल फोन मिला.

**नाबालिगा ने भाई से फोन पर बात कर कहा था पापा ने ठीक नहीं किया-**

खबर है कि 22 मार्च को नाबालिग प्रिया ने अपने बड़े भाई से फोन पर बातचीत करते हुए कहा कि वह अपने दोस्त के साथ सुरक्षित है. जब भाई ने मां के बारे में पूछा तो लड़की ने कहा कि पापा ने ठीक नहीं किया. मुझे पता है कि आपने मेरे दोस्त के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है. जबकि मैं अपनी मर्जी से उसके साथ आई हूं. इसके बाद लड़की ने फोन काट दिया. फिर मोबाइल फोन बंद हो गया. भाई ने यह बात अपने पिता को बताईए जिन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी.

**दोनों शादी कर चुके थे, लड़की की मांग भरी थी-**

पनागर थाना पुलिस की माने तो लड़की प्रिया की मांग भरी हुई थी. जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा था कि दोनों ने शादी कर चुके थे. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरु कर दी है.

# रेल लाइन पर मिली प्रेमी-युगल की क्षत-विक्षत लाश, शवों के ऊपर से गुजर गई मालगाड़ी



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। कटनी स्थित कुठला थानाक्षेत्र में कटनी-सतना रेल लाइन पर आज सुबह प्रेमी-युगल की क्षत-विक्षत हालत में लाश मिलने से सनसनी फैल गई. पुलिस जब तब घटनास्थल पर पहुंची, उस वक्त तक मालगाड़ी से लेकर अन्य ट्रेन गुजर चुकी थी. पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाकर मर्ग कायम कर लिया है.

पुलिस अधिकारियों के अनुसार ग्राम पुरैनी निवासी मुकेश साहू उम्र 25 वर्ष व मालती साहू 25 वर्ष देर रात घर से लापता हो गए. जिन्होने कटनी-सतना रेल लाइन लमतरा रेलवे स्टेशन के समीप रोहारी रेल ब्रिज के पास ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली. आज सुबह आसपास से गुजर रहे लोगों ने युवक-युवती को रेल लाइन पर क्षत-विक्षत हालत में देखा तो स्तब्ध रह गए. घटना की खबर मिलते ही जीआरपी की टीम भी मौके पर पहुंच गई. देखा तो युवक व युवती के शव टुकड़े हो चुके थे. पुलिस को पूछताछ में पता चला कि युवक सब्जी का कारोबार करता रहा, उसकी पहचान आधार कार्ड से की गई. स्थानीय लोगों ने पूछताछ में यह भी बताया कि दोनों के बीच लम्बे समय से प्रेम-संबंध रहे. पुलिस को पोस्टमार्टम के बाद शवों को परिजनों को सौंप दिए है. वहीं मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरु कर दी गई है.

# बिजली बिल वसूलने उठा ले गए बाइक, स्कूटी, दुकान, मकान हो रहे कुर्क

**बिजली कपनी ने लबे समय से बिल नहीं जमा करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ जब्ती और कुर्की की कार्रवाई शुरू कर दी है**




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। बिजली कपनी ने लबे समय से बिल नहीं जमा करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ जब्ती और कुर्की की कार्रवाई शुरू कर दी है। अभी हाल ही में तीन दुकानों और चार वाहनों की कुर्की की गई है। ऐसी कार्रवाई जबलपुर सहित दूसरे जिलों में किए जाने की भी तैयारी है। दरअसल, मार्च महीने में बिजली कपनियों में आउटस्टैंडिंग को लेकर भारी दबाव है। अपनी परफार्मेंस को सुधारने के लिए कड़ा रुख अपनाया है।

मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कपनी के सिटी सर्किल के अधिकारी सीधे बकायादार उपभोक्ता के घर पहुंचते हैं और उसके परिसर में खड़े वाहनों और घर समेत प्रतिष्ठान को कुर्क कर लेते है। कुर्क किए गए वाहनों को वितरण कपनी के कार्यालयों में रखा जा रहा है। वहीं घर और प्रतिष्ठान में सील लगा दी जाती है। इसके पूर्व बिल जमा करने के तीन नोटिस भेजे जाते हैं, इनका जवाब न आने पर कुर्की का नोटिस और फिर कुर्की की कार्रवाई की जाती है। हाल ही में कई बकायादारों के वाहनों को कुर्क भी किया गया है। वितरण कपनियों के एई को तहसीलदार के अधिकार दिए गए है। इसका प्रकाशन राजपत्र में भी किया गया है।

**तो तत्काल लौट दिया गया वाहन**

पश्चिम संभाग के गोलबाजार में रहने वाले उपभोक्ता प्रहलाद जयसवाल पर 31000 रुपए का बिजली बिल बकाया था। उन्हें फार्म जारी किए गए, लेकिन बिल जमा नही हुआ। तब संभाग की टीम उनके घर पहुंची। बाइक को कुर्क कर लिया। बाइक कुर्क होते ही प्रहलाद ने तत्काल बिल जमा किया, तो कागजी कार्रवाई के बाद उसे बाइक सुपुर्द कर दी गई।

## सड़क दुर्घटना

जबलपुर- थाना सिविल लाईन में रात्रि मंजीत सिंह ठाकुर उम्र 17 वर्ष निवासी गोपाल होटल के पास लालमाटी घमापुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह श्रीराम कॉलेज में पढ़ाई कर रहा है अपनी नानी के घर गोरखपुर से मोटर सायकल रायल इन्फील्ड क्रमांक एमपी 20 एन टी 5179 से अपने घर लालमाटी आ रहा था रात लगभग 10-30 बजे जैसे ही सतपुड़ा क्लब के पास पहुँचा तभी इलाहाबाद चौक की ओर से आ रही टाटा नेक्शन कार क्रमांक एमपी 20 जेड एच 0426 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसकी मोटर सायकल में टक्कर मार दिया जिससे वह मोटर सायकल सहित गिर गया उसे हाथ पैर में चोटें आई एवं मोटर सायकल भी छतिग्रस्त हो गयी है। रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी

जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना घमापुर में पूजा बाल्मीक उम्र 27 वर्ष निवासी चांदमारी शुक्ला होटल घमापुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि कढ़ाई का काम करती है । दिनांक 19-3-25 को दोपहर लगभग 12 बजे से बजे के बीच वह अपनी बेटी को अच्छे मिया का बाड़ा स्कूल लेने के लिये गयी थी उसकी देवरानी नेहा बाल्मीक जोन आफिस बच्ची का अधारकार्ड में नाम जुड़वाने गयी थी, वह लगभग 1-45 बजे घर वापस आयी देखी उसके घर के दरवाजे के ताले टूटे हुये पड़े थे अंदर जाकर देखी उसकी एवं देवरानी की आलमारी के ताले खुले हुये थे तथा सामान बिखरा हुआ था उसकी आलमारी में रखी सोने की पंचाली, बच्चे के बाले, हाय चंद्रमा, नथनी, चांदी की हाफ करधन पायल, कंगन तथा देवरानी के आलमारी मे रखा सोने का मंगलसूत्र एवं हम दोनों की आलमारी मे रखे नगदी लगभग 20 हजार रूपये गायब थे कोई अज्ञात चोर ताला तोड़कर घर में घुसकर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना मदनमहल में वैभव तिवारी उम्र 19 वर्ष निवासी माली मोहल्ला रानीपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह टीव्हीएस वर्कशॉप में काम करता है दिनांक 22-3-25 को सुबह लगभग 9 बजे घर से काम के लिये गया था माँ विमला तिवारी भी कपड़े की दुकान गंजीपुरा में काम पर चली गयी थीं उसके पिता राजेन्द तिवारी घर पर थे उसने काम पर जाते समय अपना लेपटाप कमरे मे रखकर सोफा में रख दिया था रात लगभग 8-30 बजे घर आकर देखा सोफा में लेपटाप नहीं था कोई अज्ञात चोर उसका लेपटाप कीमती लगभग 31 हजार 900 रूपये का कमरे से चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना माढ़ोताल में सुबह राजकुमार चौकसे उम्र 60 वर्ष निवासी कठौंदा आदि नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह खेती किसानी करता है दिंनाक 21-3-25 को रात लगभग 8 बजे वह अपने निर्माणाधीन मकान जिसमें फिटिंग तार, स्ट्राटर, नल, बल्व रखे हुये थे मकान में दरवाजा एवं खिड़की नही लगे हुये है दोनों मकान में गेट लगा हुआ है जो उपरोक्त दोनों मकानों के गेटों का ताला खोला एवं अंदर जाकर देखा मकान में रखे फिटिंग तार, स्ट्राटर, नल एवं बल्व नहीं थे कोई अज्ञात चोर गेट के उपर से कूंदकर चोरी कर ले गया है।

# पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय द्वारा थाना हनुमानताल एवं थाना माढोताल का किया गया औचक निरीक्षण

जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। पुलिस महानिदेशक महोदय मध्य प्रदेश द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारियों को थानों का औचक निरीक्षण करने हेतु आदेशित किये जाने पर निर्देशों के परिपालन में दिनॉक 22-3-2025 को रात्रि 11 बजे से 2 बजे तक पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री सम्पत उपाध्याय द्वारा थाना हनुमानताल एवं थाना माढोताल का औचक निरीक्षण किया गया। आपने मालखाने का निरीक्षण करते हुये जप्ती माल, आर्म्स एम्यूनेशन, राईट ड्रिल सामग्री का रख रखाव चैक करते हुये हवालात चैक किया, साथ ही थाने में संधारित किये जाने वाले रजिस्टरों को चैक किया कि थाने में संधारित किये जाने वाले रजिस्टर अपडेट हैं कि नहीं।आपके द्वारा कहा गया कि लंबित सी.एम. हैल्प लाईन एवं जनसुनवाई की शिकायतों का शीघ्र संतुष्टीपूर्ण निकाल करें। आपने उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं, बच्चों, वृद्धों एवं समाज के कमजोर वर्गो के प्रति संवेदनशील रहते हुये इनके द्वारा की गयी शिकायतों पर तत्काल विधिसंगत कार्यवाही करते हुये तत्काल राहत पहुंचाएं, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नही होना चाहिये। सक्रीय गुण्डा/बदमाश एवं चाकूबाज के विरूद्ध उनके आपराधिक रिकार्ड को दृष्टिगत रखते हुये प्रभावी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करें। इसी प्रकार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्री आनंद कलादगी (भा.पु.से.) द्वारा थाना अधारताल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोन-2 श्री समर वर्मा द्वारा थाना बरगी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री सूर्यकांत शर्मा द्वारा थाना बरेला का औचक निरीक्षण किया गया। नगर पुलिस अधीक्षक अधारताल श्रीमति प्रियंका करचाम द्वारा थाना अधारताल, नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली श्री रीतेश कुमार शिव द्वारा थाना लार्डगंज, नगर पुलिस अधीक्षक ओमती श्री सोनू कुर्मी द्वारा थाना ओमती एवं बेलबाग, नगर पुलिस अधीक्षक रांझी श्री सतीष कुमार साहू द्वारा थाना खमरिया, नगर पुलिस अधीक्षक कैट श्री उदय भान सिंह द्वारा थाना कैंट, नगर पुलिस अधीक्षक गढा श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा थाना गढा, नगर पुलिस अधीक्षक बरगी श्री अंजुल मिश्रा द्वारा थाना बरगी एंव चरगवॉ, नगर पुलिस अधीक्षक माढोताल श्री बी.एस. गोठरिया द्वारा थाना विजय नगर, उप पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुश्री आकाक्षा उपाध्याय द्वारा थाना कुण्डम, एसडीओपी सिहोरा सुश्री पारूल शर्मा द्वारा थाना गोसलपुर, एसडीओपी पाटन श्री लोकेश डाबर द्वारा थाना शहपुरा का औचक निरीक्षण किया गया।

## कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर

**निविदा सूचना** (3 RD Call)

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | न.नि.ज./प्रकाश/ 2024-25/31/ पी.आर.ओ./674 दिनांक 24.03.2025 | Lighting Arrangement work at Ward No. 21 Brindavan Garden Jabalpur. | 03 माह एवं 466026.00 | 2000.00 एवं 4661.00 | 11.04.2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://.mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री,( विद्युतीय ), नगर पालिक निगम जबलपुर**

## सूने मकान का ताला तोडकर चोरी

जबलपुर- थाना घमापुर में पूजा बाल्मीक उम्र 27 वर्ष निवासी चांदमारी शुक्ला होटल घमापुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि कढ़ाई का काम करती है । बीच वह अपनी बेटी को अच्छे मिया का बाड़ा स्कूल लेने के लिये गयी थी उसकी देवरानी नेहा बाल्मीक जोन आफिस बच्ची का अधारकार्ड में नाम जुड़वाने गयी थी, वह लगभग 1-45 बजे घर वापस आयी देखी उसके घर के दरवाजे के ताले टूटे हुये पड़े थे अंदर जाकर देखी उसकी एवं देवरानी की आलमारी के ताले खुले हुये थे तथा सामान बिखरा हुआ था उसकी आलमारी में रखी सोने की पंचाली, बच्चे के बाले, हाय चंद्रमा, नथनी, चांदी की हाफ करधन पायल, कंगन तथा देवरानी के आलमारी मे रखा सोने का मंगलसूत्र एवं हम दोनों की आलमारी मे रखे नगदी लगभग 20 हजार रूपये गायब थे

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 209 2024-2025 दिनांक 24/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्री योगिता गजराज सिंह, पिता- बचन सिंह मरावी, एवं श्री बचन सिंह मरावी, पिता- श्री सुमरत सिंह** भवन क्रंमाक 502/ खसरा नं. 259/2/1 का भाग संपत्ति कर/ पिन नं. 2000128192 जलकर पिन नं. ........., पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्रीमती बिल्लू बाई यादव, पति - श्री रामनाथ सिंह **वार्ड निर्मलचंद जैन वार्ड** , विक्रयप्लाट रकवा 962 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 208 2024-2025 दिनांक 24/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्री रमा गोविंद तिवारी, पिता- स्व. श्री रामनिरंजन तिवारी** भवन क्रंमाक 3235 संपत्ति कर/ पिन नं. 1000431431 जलकर पिन नं. 2604525, पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्री रामनिरंजन तिवारी, पिता- स्व. श्री रामाधार तिवारी **वार्ड निर्मलचंद जैन वार्ड** , निर्मित भूतल 828 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 451 दिनांक 24.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. श्री चन्द्र मोहन बर्मन, पिता- स्व. श्री डिल्ली सिंह बर्मन, 2. श्री संजय बर्मन, श्री संदीप बर्मन, श्री सुजीत बर्मन, तीनों के पिता- श्री चन्द्र मोहन बर्मन,** ने मकान नं. 16/1/434 सम्पत्ति पिन नं. 1000533622 **वार्ड रानी दुर्गावती वार्ड** , क्षेत्रफल 407 व.फु., भूतल 551 व.फु. भूतल 292 व.फु. कच्चा, **शपथपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 450 दिनांक 24.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. श्री ब्रजमोहन बर्मन, पिता- स्व. श्री डिल्ली सिंह बर्मन, 2. श्री मधुर मोहन बर्मन, पिता- स्व. श्री डिल्ली सिंह बर्मन** ने मकान नं. 16/1/434 का भाग सम्पत्ति पिन नं. 1000533622 का भाग **वार्ड रानी दुर्गावती वार्ड** , क्षेत्रफल 535 व.फु., भूतल 1233.5 व.फु., **शपथपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं. -124, सं.अधि./ रांझी/10 / 2024-25 दिनांक 24.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती नीलू यादव, पति- श्री राजेश यादव** ने मकान नं. 1269 मस्ताना चौक पिन नं. 1000414630 **वार्ड अम्बेडकर वार्ड,** भूतल 700 व.फु., प्रथमतल 700 व.फु., द्वितीयतल 120 व.फु., **आधार कार्ड, तहसीलदार आदेश, पंजीकृत विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामी- श्री किशन लाल कोहली, मकान नं. 1269 मस्ताना चौक पिन नं. 1000414630 द्वारा प्रदत मकान नम्बर पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया जाता है। अत: जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-10 रांझी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं. -123, सं.अधि./ रांझी/10 / 2024-25 दिनांक 24.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री हरिकृष्ण प्रताप मिश्रा, पिता- श्री विनायक प्रसाद मिश्रा** ने मकान नं. 2872 पिन नं. 1000602107 **वार्ड चन्द्रशेखर आजाद वार्ड,** भूतल 1080 व.फु. आर.सी.सी., **आधार कार्ड, पंजीकृत विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामी- श्री आर.एन. घोस, मकान नं. 2872 पिन नं. 1000602107 द्वारा प्रदत मकान नम्बर पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया जाता है। अत: जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-10 रांझी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/712/ दिनांक 24.03.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती रामबाई चौधरी, पति- स्व. श्री प्रेमनाथ चौधरी** ने मकान नं. 2748/2757 पिन नं.1000484860 **वार्ड सिद्धबाबा वार्ड** , भूतल सीमेन्ट टीन 200 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 2748/2757 बल्दी कोरी की दफाई पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999